राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in

# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 224
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 09 जुलाई 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236





मुख्य अपडेट

पेज 3 न्यू नोएडा अवैध निर्माण को चिह्नित करेंगे लेखपाल

पेज 4 काशी में दशाश्वमेध घाट डूबा, गंगा आरती की जगह बदली

पेज 6 क्रिकेटर यश दयाल की मुश्किलें बढ़ीं, शारीरिक शोषण मामले में


## संक्षिप्त खबरें

### रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता का निधन

**जोधपुर।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के पिता दाऊलाल वैष्णव का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। हाल ही में उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें जोधपुर एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जोधपुर एम्स के मुताबिक मंगलवार सुबह 11 बजकर 52 मिनट पर उन्होंने अंतिम सांस ली। जोधपुर में मंगलवार शाम उनका अंतिम संस्कार किया गया। वे मूलत: पाली जिले के जीवंद कला निवासी थे। बाद में परिवार के साथ जोधपुर में बस गए थे। रातानाडा भास्कर चौराहा के पास महावीर कॉलोनी में उनका घर है।

### अमरनाथ यात्रा-6 दिन में 1.11 लाख श्रद्धालुओं ने दर्शन किए

**पहलगाम।** अमरनाथ यात्रा के छठे दिन 18,633 श्रद्धालुओं ने पवित्र गुफा में हिम शिवलिंग के दर्शन किए। पहले छह दिनों में 1.11 लाख से अधिक तीर्थयात्री पवित्र गुफा मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। पवित्र अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई को शुरू हुई थी। यात्रा के पहले दिन गुरुवार को 12,348 , शुक्रवार को 14,515, शनिवार को 21,109, रविवार को 21,512 तीर्थयात्री, सोमवार को 23,857 तीर्थयात्री दर्शन के लिए पहुंचे थे। मंगलवार सुबह कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 5,516 पुरुषों और 1,765 महिलाओं सहित 7,541 तीर्थयात्रियों का सातवां जत्था 309 गाड़ियों में जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से कश्मीर के दो आधार शिविरों के लिए रवाना हुआ।



### हैप्पी मॉर्निंग


बीवी से परेशान पति एक दिन पंडित जी के पास पहुंचा पति- पंडित जी, एक बात बताइये ये जन्म-जन्म का साथ वाली बात सच है क्या? पंडितजी- सौ फीसदी सच! पति- मतलब मुझे अगले जन्म में भी यही पत्नी मिलेगी? पंडित जी - बिल्कुल पति- हे भगवान! फिर तो खुदकुशी करने से भी कोई फायदा नही



### शायरी

जब देश में थी दीवाली, वो खेल रहे थे होली
जब हम बैठे थे घरों में, वो झेल रहे थे गोली

### अर्थसार



सेंसेक्स:
83,712.51
+270.01 (0.32%)
निफ्टी:
25,522.50
+61.20

### मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 27 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 5 : 35
सूर्यास्त बुधवार : 7 : 26

# पुलवामा अटैक के लिए विस्फोटक अमेजन से खरीदा गया

## एफएटीएफ की रिपोर्ट; गोरखनाथ मंदिर पर हमला करने वाले आतंकी को 'पे पाल' से पेमेंट हुआ

नई दिल्ली। 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में इस्तेमाल हुआ विस्फोटक ई-कॉमर्स वेबसाइट अमेजन से खरीदा गया था। दुनियाभर में आतंकी फंडिंग पर नजर रखने वाली संस्था फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स ने अपनी रिपोर्ट में यह दावा किया है। एफएटीएफ ने इस रिपोर्ट में 2022 में यूपी के गोरखपुर में गोरखनाथ मंदिर पर हुए हमले का भी जिक्र किया है। यहां हमलावर आतंकी को ऑनलाइन मनी ट्रांसफर प्लेटफॉर्म 'पे पाल' के जरिए पैसे दिए गए थे। इन दोनों मामलों को उदाहरण के तौर पर पेश करते हुए संगठन ने आगाह किया है कि ई-कॉमर्स और डिजिटल भुगतान सेवाएं अगर गलत हाथों में जाएं तो वे आतंक को बढ़ावा देने का माध्यम बन सकती हैं।

### एफएटीएफ की रिपोर्ट में दावा-आतंकी फंडिंग के तरीके बदल रहे

एफएटीएफ की इस रिपोर्ट का नाम



'कॉम्प्रिहेंसिव अपडेट ऑन टेररिस्ट फाइनेंसिंग रिस्क' है। 131 पेज की यह रिपोर्ट बताती है कि कैसे आतंकवाद की फंडिंग के तरीके बदल रहे हैं।

रिपोर्ट में यह बताया गया है कि आतंकी संगठन अब पारंपरिक फंडिंग तरीकों के साथ-साथ डिजिटल माध्यमों जैसे ऑनलाइन पेमेंट, गेमिंग प्लेटफॉर्म्स, सोशल मीडिया और ई-कॉमर्स साइट्स का इस्तेमाल कर रहे हैं।

इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि आतंकवाद से जुड़ी फंडिंग की रणनीतियां एक जैसी नहीं होतीं, बल्कि अलग-अलग जगहों पर, अलग परिस्थितियों के हिसाब से अलग तरीके अपनाए जाते हैं।

### आतंकी फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में बड़ी कमियां

रिपोर्ट में कहा गया है कि बहुत से देशों में आतंकवाद की फंडिंग को समझने और रोकने की क्षमता में अब भी बड़ी कमियां हैं, और अगर इन्हें समय पर ठीक नहीं किया गया तो आतंकी संगठन मौजूदा कमजोरियों का फायदा उठाते रहेंगे। इसमें यह बताया गया है कि किस तरह आतंकी संगठन अंतरराष्ट्रीय फाइनेंशियल सिस्टम का इस्तेमाल अपनी गतिविधियों को जारी रखने और हमले करने के लिए करते हैं। एफएटीएफ ने दुनियाभर की सरकारों और डिजिटल कंपनियों को चेतावनी दी है कि वे इन प्लेटफॉर्म्स के दुरुपयोग को रोकने के लिए ठोस उपाय करें, क्योंकि ये अब आतंकी संगठनों के लिए एक नया और प्रभावशाली जरिया बनते जा रहे हैं।

# बिहार में सरकारी नौकरी में डोमिसाइल पॉलिसी लागू

## सिर्फ राज्य की महिलाओं को 35 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा, पहले दूसरे राज्य की महिलाओं को भी मिलता था

**पटना।** बिहार सरकार ने महिलाओं के लिए डोमिसाइल पॉलिसी लागू कर दी है। अब सरकारी नौकरियों में महिलाओं को इसका फायदा मिलेगा। बिहार की बाहर की महिलाओं को जनरल कैटेगरी में जोड़ा जाएगा।

पहले दूसरे राज्यों की महिलाओं को भी 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलता था। अब सिर्फ बिहार की महिलाओं को फायदा मिलेगा। नीतीश कैबिनेट की बैठक में मंगलवार को ये फैसला लिया गया। इसके साथ ही 43 एजेंडों पर मुहर लगी है।



बिहार में पहली बार बिहार युवा आयोग का गठन होगा। चुनावी साल में बिहार युवा आयोग के गठन का निर्णय नीतीश सरकार ने लिया है। दरअसल, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी ने कहा था कि सरकार बनने पर वह युवा आयोग का गठन करेंगे।

### दिव्यांग के लिए सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना

बिहार सरकार ने एक नई योजना शुरू की है, जिसका नाम दिव्यांगजन सिविल सेवा प्रोत्साहन योजना है। इसका लाभ दिव्यांग पुरुष अभ्यर्थी पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग या आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग अभ्यर्थियों को मिलेगा।

हालांकि, ये सुनिश्चित करना होगा कि उन्हें राज्य की किसी दूसरी सिविल सेवा तैयारी योजना से कोई आर्थिक मदद नहीं मिल रही है। ऐसे में बीपीएससी या पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास कर लेते हैं, तो उन्हें मुख्य परीक्षा की तैयारी के लिए 50 हजार रुपए और इंटरव्यू की तैयारी के लिए 1 लाख रुपए की सहायता राशि दी जाएगी।

यह योजना दिव्यांगों को सिविल सेवा में सफलता पाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए शुरू की गई है।

# 7 राज्यों के लिए जारी हुआ ऑरेंज अलर्ट

## उत्तराखंड, पंजाब और हरियाणा में होगी भारी बारिश

**नई दिल्ली।** भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा और तेलंगाना समेत कई राज्यों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इन राज्यों में मंगलवार (8 जुलाई, 2025) को भारी बारिश हो सकती है।

इसके साथ ही दिल्ली-एनसीआर में आज हल्की से मध्यम बारिश की उम्मीद के साथ येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग ने 10 जुलाई तक मध्य प्रदेश, 8 जुलाई को ओडिशा और छत्तीसगढ़ के अलावा 8 और 9 जुलाई को विदर्भ में बहुत भारी बारिश की चेतावनी भी जारी की है। इसके अलावा, उत्तराखंड और पूर्वी राजस्थान में 10 जुलाई तक और पंजाब-हरियाणा में 8 जुलाई तक इसी तरह की बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

गोवा और मध्य महाराष्ट्र के घाट इलाकों में अगले 6-7 दिनों में बहुत भारी बारिश होने की संभावना है। गुजरात में 9 जुलाई तक, मराठवाड़ा में 8 और 9 जुलाई तक और सौराष्ट्र-कच्छ में 12 और 13 जुलाई तक भारी बारिश की चेतावनी है। तेलंगाना में भी 9 जुलाई तक बहुत भारी बारिश होगी।



### मछुआरों को इन इलाकों में जाने से किया गया मना

तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में 9 जुलाई तक गर्म और आर्द्र मौसम की स्थिति बनी रहेगी। आईएमडी ने आंध्र प्रदेश, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, गुजरात, गोवा और कर्नाटक में मछली पकड़ने के कामों को पूरी तरह से स्थगित करने की सलाह दी है और मछुआरों को अरब सागर और बंगाल की खाड़ी में जाने से मना किया है।

# पटना खेमका हत्याकांड- बिल्डर अशोक साह ने कराया मर्डर

## 4 लाख में डील, जमीन को लेकर था विवाद; डेढ़ महीने पहले रची गई साजिश

**पटना।** बिहार के कारोबारी गोपाल खेमका का मर्डर बिल्डर अशोक साह ने कराया था। इसके लिए उसने उमेश नाम के शूटर से संपर्क किया। 4 लाख में हत्या की डील हुई। 50 हजार एडवांस दिए गए थे। इन पैसों से शूटर उमेश ने अपने बच्चों की फीस भरी।

उमेश ने गोपाल खेमका की रेकी की।

उमेश ने अपने ही इलाके के रहने वाले शूटर विकास उर्फ राजा को खेमका के मर्डर की सुपारी दी, लेकिन विकास ने हत्या के लिए ज्यादा पैसों की डिमांड कर दी।

इसके बाद उमेश ने खुद ही खेमका की हत्या कर दी। डीजीपी विनय कुमार ने मंगलवार शाम खेमका मर्डर केस का खुलासा किया है।

### सीसीटीवी ने दिया बड़ा क्लू

डीजीपी ने बताया- पूरे शहर के सीसीटीवी कैमरे देखे गए। आरोपी के कपड़ों से पहचान की गई। जहां तक वो सीसीटीवी में दिखा उसे ट्रेस किया गया।

सीसीटीवी से हम बाइक को ट्रेस करते हुए आरोपी के घर तक पहुंचे। घर में जाने के बाद हमने वो कपड़े, जूते अंदर से बरामद किए। इसके बाद हमने उमेश यादव को गिरफ्तार किया। उसके घर से ही 59 राउंड गोलियां भी मिली थीं घटना में इस्तेमाल हथियार भी उमेश के घर से मिला था।





### जमीन को लेकर हुई गोपाल खेमका की हत्या

पूछताछ में उमेश ने अशोक साह का नाम लिया। उसने बताया कि सुपारी अशोक साह ने ही दी थी। दोनों नालंदा के थे। शादी में दोनों की मुलाकात हुई थी। डेढ़ महीने पहले हत्या की प्लानिंग हुई थी। अशोक साह के मोबाइल में जमीन विवाद की बातचीत की कई रिकॉर्डिंग मिली है। पुलिस का कहना है कि खेमका की हत्या जमीन विवाद में ही हुई है। अशोक साह के घर से ढेरों जमीन के कागजात मिले हैं। गोपाल खेमका से पहले भी अशोक साव का नाम पटना के चर्चित मनोज कमलिया हत्याकांड और टेकरीवाल हत्याकांड में आ चुका है।

### केरल हाईकोर्ट से लाइबेरियाई जहाज की जब्ती का आदेश

तिरुवनंतपुरम। केरल हाईकोर्ट ने सोमवार को लाइबेरियाई जहाज एमएससी अकीकेता 2 को जब्त करने का आदेश दिया। यह शिप लाइबेरियाई जहाज एमएससी एल्सा 3 का सहयोगी था, जो 25 मई को कोच्चि के तट पर डूब गया था। दोनों जहाज एमएससी मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी के हैं। एमएससी एल्सा 3 डूबने से हुए पर्यावरणीय और आर्थिक नुकसान पर केरल सरकार ने 9531 करोड़ रुपए के मुआवजे की याचिका लगाई थी।

# ट्रेड यूनियन्स का दावा-25 करोड़ कर्मचारी आज हड़ताल पर

**बैंक-डाकघर में काम बंद रहेगा, परिवहन सेवाएं ठप हो सकती हैं**

नई दिल्ली। बैंक, बीमा, डाक, कोयला खनन, हाईवे, निर्माण, और कई राज्यों में सरकारी परिवहन जैसी अहम सेवाएं कल यानी 9 जुलाई को प्रभावित हो सकती हैं।

ऐसा इसलिए क्योंकि 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगी संगठनों का दावा है कि देशभर में कल 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारी हड़ताल पर रहेंगे।





ट्रेड यूनियंस निजीकरण और 4 नए लेबर कोड्स के विरोध में हैं। ये केंद्र की उन नीतियों का विरोध कर रही हैं, जिन्हें वे मजदूर-विरोधी, किसान-विरोधी और कॉर्पोरेट समर्थक मानती हैं। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के मुताबिक देश में पब्लिक और प्राइवेट सेक्टर में 56 करोड़ कर्मचारी है। इसमें इनफॉर्मल सेक्टर में 50 करोड़ और फॉर्मल सेक्टर में 6 करोड़ कर्मचारी है।

### फॉर्मल और इनफॉर्मल सेक्टर में अंतर?

फॉर्मल सेक्टर मतलब वो नौकरियां या बिजनेस जहां सब कुछ साफ-साफ और नियमों के तहत होता है। जैसे सरकारी दफ्तर, बैंक, बड़ी फैक्ट्रियां, या मल्टीनेशनल कंपनियां। यहां सैलरी फिक्स्ड होती है, प्रोविडेंट फंड, हेल्थ इंश्योरेंस, और छुट्टियां जैसे फायदे मिलते हैं।

इनफॉर्मल सेक्टर वो है जहां काम ढीले-ढाले ढंग से होता है और ज्यादा नियम-कानून नहीं होते। जैसे छोटी दुकानें, स्ट्रीट वेंडर, ऑटो रिक्शा ड्राइवर, या घरों में सिलाई का काम। यहां सैलरी या कमाई तय नहीं होती, कोई पीएफ या इंश्योरेंस नहीं मिलता, और काम के घंटे भी अनियमित होते हैं।

# लश्कर-ए-तैयबा के लिए काम करने वाले तीन लोग गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने 2023 के लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े जेल कट्टरपंथीकरण यानी प्रिजन रेडिकलाइजेशन से जुड़े मामले में मंगलवार को कर्नाटक के दो जिलों में छापेमारी कर एक जेल मनोचिकित्सक और एक सशस्त्र रिजर्व पुलिस कर्मी सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

### डिजिटल डिवाइसेज, नकदी, सोना और दस्तावेज जब्त

अधिकारियों ने बताया कि इन लोगों पर पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा आतंकवादी समूह से जुड़े जेल कट्टरपंथीकरण मामले में संलिप्तता का आरोप है।

### पांच स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया

एनआइए ने बेंगलुरु और कोलार जिलों में कुल पांच स्थानों पर सर्च ऑपरेशन चलाया, जिसमें डिजिटल डिवाइसेज, नकदी, सोना और दस्तावेज जब्त किए गए।

### जिहादी सोच को तैयार किया जा रहा था

जांच एजेंसी को जानकारी मिली थी कि जेल में बंद कई कैदियों के द्वारा जेल में बंद दूसरे आरोपितों को देश विरोधी गतिविधियों में शामिल करने और उसके अंदर जिहादी सोच को तैयार करके बड़े आतंकी वारदात को अंजाम देने के लिए तैयार कर रहे हैं।

**'नो फ्यूल'**

## दिल्ली सहित 5 शहरों में नियम लागू होगा; पहले 1 जुलाई से बैन लगना था

# पुराने वाहनों को 1 नवंबर से नहीं मिलेगा फ्यूल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एंड-ऑफ-लाइफ या ओवरएज वाहनों पर फ्यूल प्रतिबंध 1 नवंबर तक स्थगित कर दिया गया है। वायु गुणवत्ता आयोग की मंगलवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया।

जो डीजल गाड़ियां 10 साल से पुरानी और पेट्रोल गाड़ियां 15 साल से पुरानी होती हैं। उन्हें ईओएल वाहन कहा जाता है। पहले जारी किए गए निर्देशों के अनुसार, ऐसे वाहनों को 1 जुलाई से दिल्ली में ईंधन नहीं दिया जाना था। अब इन्हें 31 अक्टूबर तक राहत दी गई है।

दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने 3 जुलाई को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से ऐसे वाहनों के खिलाफ कार्रवाई रोकने का अनुरोध किया था।

दरअसल, CAQM ने अप्रैल में आदेश दिया था कि 1 जुलाई से पुराने वाहनों में ईंधन नहीं डाला जाएगा, ताकि प्रदूषण को कम किया जा सके। ये नियम दिल्ली के अलावा गुरुग्राम, फरीदाबाद, नोएडा, गाजियाबाद और सोनीपत में भी लागू होगा।

दिल्ली सरकार ने वायु गुणवत्ता आयोग को लेटर लिखकर पुराने वाहनों पर ईंधन भरवाने की रोक को फिलहाल रोकने की अपील की है। ये जानकारी गुरुवार को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने दी।





### दिल्ली सरकार ने मार्च में नए नियम की घोषणा की थी

एक मार्च को पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा था कि जुलाई से 15 साल और उससे ज्यादा पुराने वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा। एयर पॉल्यूशन को कंट्रोल करने के लिए दिल्ली सरकार ने यह कदम उठाया है।

उन्होंने कहा था कि हम पेट्रोल पंपों पर गैजेट लगा रहे हैं जो 15 साल से पुराने वाहनों की पहचान करेंगे। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।

### दिल्ली की हवा हर रोज 38 सिगरेट पीने जितनी

नवंबर 2013 में दिल्ली में औसतन प्रदूषण का लेवल 287 एक्यूआई था। नवंबर 2024 में प्रदूषण का लेवल औसतन 500 एक्यूआई से ऊपर पहुंचा।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, 2013 में एक व्यक्ति औसतन 10 सिगरेट जितना धुआं प्रदूषण के जरिए अपने अंदर ले रहा था। 2024 में यह आंकड़ा बढ़कर 38 सिगरेट तक पहुंचा।

जब हम सांस लेते हैं तो हवा में मौजूद पॉल्यूटेंट्स भी हमारे फेफड़ों में समा जाते हैं।

ये हमारी ब्लड स्ट्रीम में प्रवेश कर सकते हैं और खांसी या आंखों में खुजली पैदा कर सकते हैं। इससे कई रेस्पिरेटरी और लंग्स से जुड़ी बीमारियों का खतरा भी हो सकता है। कई बार तो यह कैंसर की वजह भी बन सकता है। अब लगातार नई स्टडीज में सामने आ रहा है कि इससे ब्रेन की फंक्शनिंग भी प्रभावित होती है।

## संपादकीय

# लाचार हालत में बिहार की कानून व्यवस्था



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

बिहार, जिसे कभी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक समृद्धि के लिए जाना जाता था, आज अपनी बदहाल कानून व्यवस्था के कारण सुर्खियों में है। हाल के वर्षों में, राज्य में अपराध की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि देखी गई है, जिसने न केवल आम जनता के बीच भय का माहौल पैदा किया है, बल्कि सरकार की कार्यक्षमता पर भी सवाल उठाए हैं। हत्या, लूट, अपहरण, और बलात्कार जैसी घटनाएं न केवल सामाजिक सुरक्षा को चुनौती दे रही हैं, बल्कि बिहार के विकास के दावों को भी खोखला साबित कर रही हैं।

### अपराध की बढ़ती घटनाएं

हाल के समाचारों के अनुसार, बिहार में अपराध का ग्राफ लगातार ऊपर जा रहा है। राजधानी पटना, जो राज्य का सबसे विकसित और सुरक्षित क्षेत्र माना जाता है, वहां भी अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, हाल ही में पटना के खगौल क्षेत्र में एक व्यवसायी की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिसके पीछे जेल से संचालित होने वाली सुपारी (कॉन्ट्रैक्ट किलिंग) का शक जताया जा रहा है। इसी तरह, नालंदा जिले में बच्चों के बीच मामूली विवाद के बाद दो परिवारों के बीच गोलीबारी में दो लोगों की जान चली गई। ऐसी घटनाएं न केवल कानून व्यवस्था की लचरता को दर्शाती हैं, बल्कि पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता को भी उजागर करती हैं।

### पुलिस और प्रशासन की नाकामी

बिहार पुलिस, जो कभी अपराध नियंत्रण में अपनी सख्ती के लिए जानी जाती थी, आज कई सवालों के घेरे में है। भ्रष्टाचार, संसाधनों की कमी, और राजनीतिक हस्तक्षेप ने पुलिस की कार्यक्षमता को बुरी तरह प्रभावित किया है। एक सर्वेक्षण के अनुसार, बिहार की जनता का मानना है कि पुलिस अक्सर सत्ताधारी नेताओं के दबाव में काम करती है, जिसके कारण अपराधियों को पकड़ने और सजा दिलाने में देरी होती है। इसके अलावा, पुलिस बल की कमी और अपर्याप्त प्रशिक्षण भी अपराध नियंत्रण में बाधा बन रहे हैं। हाल के आंकड़ों के अनुसार, बिहार में दोषसिद्धि दर अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है, जो न्यायिक प्रक्रिया की कमजोरी को दर्शाता है।

### राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप

बिहार की बिगड़ती कानून व्यवस्था ने राजनीतिक दलों के बीच तीखी बयानबाजी को भी जन्म दिया है। विपक्षी दल, विशेष रूप से राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) और कांग्रेस, सत्तारूढ़ नीतीश कुमार सरकार पर निशाना साध रहे हैं। आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने हाल ही में ट्वीट कर कहा कि बिहार में महा जंगल राज की स्थिति है, जहां व्यवसायी और आम नागरिक सुरक्षित नहीं हैं। दूसरी ओर, सत्ताधारी जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) का दावा है कि वे अपराध नियंत्रण के लिए कड़े कदम उठा रहे हैं। हालांकि, बार-बार होने वाली आपराधिक घटनाएं इन दावों को कमजोर कर रही हैं।

### सामाजिक और आर्थिक प्रभाव

बिहार की खराब कानून व्यवस्था का असर केवल सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि यह राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास को भी प्रभावित कर रहा है। उद्योगपतियों और निवेशकों का भरोसा डगमगा रहा है, जिसके कारण बिहार में निवेश की गति धीमी पड़ रही है। इसके अलावा, अपराध का बढ़ता स्तर सामाजिक ताने-बाने को भी कमजोर कर रहा है, जिससे विभिन्न समुदायों के बीच तनाव बढ़ रहा है।

### समाधान की दिशा में कदम

इस संकट से उबरने के लिए बिहार सरकार को तत्काल और ठोस कदम उठाने होंगे। पुलिस सुधार, जैसे कि बल की संख्या बढ़ाना, आधुनिक हथियार और प्रशिक्षण प्रदान करना, और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाना, पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इसके साथ ही, अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई और त्वरित न्याय सुनिश्चित करना जरूरी है। सामुदायिक पुलिसिंग को बढ़ावा देकर जनता और पुलिस के बीच विश्वास का निर्माण भी आवश्यक है।

### निष्कर्ष

बिहार की कानून व्यवस्था की लाचारी न केवल एक प्रशासनिक विफलता है, बल्कि यह राज्य के भविष्य के लिए भी एक गंभीर खतरा है। सरकार, पुलिस, और समाज को मिलकर इस स्थिति से निपटने की जरूरत है। यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो बिहार का जंगल राज से मुक्ति का सपना अधूरा ही रह जाएगा।

# जैसे नैहर से हो विदाई

इन दिनों आंखें नम रहती हैं। सबसे इनकी नमी छुपाती हूं। गर्दन घुमाती हूं। बातें बदलती हूं कि कोई सिसकी कलाई थाम लेती है। फिर तन्हाई चुराती हूं थोड़ी सी। जाने कैसी उदासी हैज्जाने कैसा मौसम मन का। इन दिनों ऐसे ही सुखों से घिरी हूं कि आंखें डबडब करती रहती हैं। मुझे प्यार की आदत नहीं पड़ी है। सुख की आदत नहीं पड़ी शायद। जब भी अपनेपन, सम्मान, स्नेह की बारिशें मुझे भिगोती हैं मैं उदास हो जाती हूं। कहीं छुप जाना चाहती हूं। मेरी आंखों में जो गिने चुने सपने, जीवन में जो गिनी चुनी ख्वाहिशें थीं उनमें एक थी विनोद कुमार शुक्ल से मिलने की ख्वाहिश। इस बार यात्रा की बाबत वहां से लिखूंगी।

उस अंतिम दृश्य से जो आंखों में बसा हुआ है, फ्रीज हो गया है -रायपुर में विनोद जी के घर से विदा होने का वक्त। उनका वो जाली के पीछे खड़े होकर स्नेहिल आंखों से हमें देखना और कहना ठीक से जाना, फिर आना। सुधा जी के गले लगना, शाश्वत का कहना मैं चलता हूं छोड़ने। जैसे नैहर से विदा होती है बिटिया कुछ ऐसी विदाई थी। लौटते समय हम इतने खामोश थे कि हमारी ख़ामोशी के सुर में हवा का खामोश सुर भी शामिल हो गया था। जब रायपुर जाने की योजना बनी तब हर तरफ से एक ही बात सुनने को मिली, कैसी पागल लड़की है, जब सारी दुनिया गर्मी से राहत पाने को पहाड़ों की तरफ भाग रही है ये पहाड़ छोड़कर रायपुर जा रही। ज्मैंने ज़िन्दगी से जो सीखा या जाना वो यह कि सवाल पूछकर हमें तयशुदा जवाब मिल जाते हैं लेकिन सवाल न पूछकर, संवाद कर हमें उन सवालों के पार जानने का अवसर मिलता है। इसलिए मैं सवाल करने से बचती हूं, बात करने को उत्सुक होती हूं। वो यादें हैं अभी भी। उनके साथ हुई बातचीत में जिक्र आया मानव कौल का। रिल्के और मारीना का। डॉ. वरयाम सिंह जी का, नरेश सक्सेना जी का, नामवर सिंह जी का। यह बातचीत बहुत आत्मीय हो चली थी। मुझे शिवानी जी से हुई मुलाकात याद आई जब बमुश्किल उनसे मिलने का थोड़ा सा वक्त मिला था क्योंकि वो लम्बे समय से बीमार चल रही थीं लेकिन जब उनसे मुलाकात हुई तो घंटों बात हुई। सोचती हूं तो रोएं खड़े हो जाते हैं, ऐसा क्या है मुझमें आखिर, कितना लाड़ मिला मुझे सबका। शहरयार, निदा फाजली, नीरज, गुलज़ार, जगजीत सिंहज्कितने नामज्कितना स्नेह। ये सब लोग मेरे लिए लोग नहीं स्नेह का दरिया हैं। शायद इसी स्नेह ने मुझे संवारा। मुझमें जो कुछ अच्छा है (अगर है तो) उसमें इन सबका योगदान है।

# ठोस रणनीति से ही हिमाचल में नशा मुक्ति की राह

**हिमाचल प्रदेश में नशीले पदार्थों की समस्या बड़ी चुनौती बन गयी है। सिंथेटिक ड्रग्स की स्मगिंलग गंभीर समस्या है। शिकंजा कसने के लिए नशा निवारण कानून के तहत पुलिस द्वारा दर्ज मामले बढ़े हैं। राज्य में एक सर्वेक्षण जरूरी है जिससे नशे के आदी लोगों की पहचान व ठोस रणनीति के तहत पुनर्वास का सतत अभियान चलाया जा सके। ड्रग माफिया पर नकेल के लिए वित्तीय जांच भी बढ़ाई जाये।**



**सोमेश गोयल**

हिमाचल प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के उद्देश्य से एक सशक्त संदेश देते हुए पुलिस ने केवल एक महीने में ही 250 से अधिक व्यक्तियों के खिलाफ नशा तस्करी के आरोप में मुकदमें दर्ज किए हैं। ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में 183 एफआईआर दर्ज की गई हैं। प्रदेश में 14 मामले वाणिज्यिक मात्रा में मादक पदार्थ रखने के लिए, 85 मामले मध्यम मात्रा के लिए और 58 मामले छोटी मात्रा के लिए दर्ज किए गए। लगभग दो दर्जन मामले नशीली दवाओं की खेती से संबंधित थे। एक सकारात्मक कदम के रूप में पुलिस ने पीआईटी एनडीपीएस अधिनियम के तहत 21 निवारक प्रस्तावों पर कार्रवाई शुरू की है। राज्य पुलिस ने सक्षम प्राधिकारी से आधा दर्जन आदेश प्राप्त करने में भी सफलता हासिल की है।

लगभग तीन दशकों से मादक पदार्थों की समस्या कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए एक बड़ी चुनौती बनी हुई है। तस्करी ने केवल गांजा केंद्रित व्यापार से बदलकर छिपाने में आसान और उच्च कीमत वाले सिंथेटिक ड्रग्स की स्मग्लिंग का रूप ले लिया है। दूरदराज व दुर्गम इलाके का फायदा उठाते हुए अपराधी यहां अफीम की अवैध खेती भी करते हैं।

वर्ष 2019 के नशीले पदार्थों के उपयोग संबंधी राष्ट्रीय सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश के लिए कोई गंभीर चेतावनी नहीं दी गयी थी। हालांकि, तब से काफी कुछ बदल चुका है। समस्या की सटीक स्थिति जानने के लिए राज्य स्तर पर एक नमूना सर्वेक्षण की तत्काल आवश्यकता है। पुलिस वेबसाइट पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2023 में एनडीपीएस अधिनियम के मामलों में 41 प्रतिशत की महत्वपूर्ण वृद्धि देखी गई है। राज्य के लिए चिंताजनक बात यह है कि मादक पदार्थों के मामलों में गिरफ्तार किए गए 90 प्रतिशत से अधिक लोग 18 से 45 वर्ष आयु वर्ग के हैं। राज्य की जेलों में लगभग तेरह सौ युवा मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में बंद रहते हैं। राज्य का कोई भी जिला मादक पदार्थों की समस्या से अछूता नहीं है। शिमला, कुल्लू और मंडी जिलों में इस श्रेणी के अधिकतम मामले दर्ज होते हैं।

राज्य की जेलों में एनडीपीएस मामलों से जुड़े दोषी और अभियुक्त कैदियों की संख्या अधिक है। लगभग 40 प्रतिशत पुरुष कैदी, चाहे दोषी हों या अभियुक्त, मादक पदार्थों से जुड़े मामलों में शामिल हैं। महिलाओं के लिए यह आंकड़ा लगभग 30 प्रतिशत है। छोटी मात्रा के तस्कर अक्सर स्वयं भी नशीली दवाओं का इस्तेमाल करने वाले होते हैं। लगभग 10 प्रतिशत कैदियों को नशामुक्ति और पुनर्वास कार्यक्रम की आवश्यकता होती है। ऐसे व्यक्तियों का स्थान जेल नहीं बल्कि पुनर्वास केंद्र होना चाहिए। पुनर्वास के लिए कोई भी तय प्रोटोकॉल न होने के कारण, सुधार गृहों में तैनात चिकित्सक मादक पदार्थों के उपयोगकर्ताओं के उपचार में दक्ष हो गए हैं। राज्य के सुधार विभाग का प्रयास, जो एक केंद्रीय जेल में पुनर्वास केंद्र शुरू करने के लिए एक केंद्रीय योजना का लाभ उठाना चाहता था, राज्य सरकार के एक बाबू द्वारा खारिज कर दिया गया! राज्य सरकार को उन सभी सुधार गृहों को, जहां समर्पित चिकित्सक तैनात हैं, औपचारिक रूप से मादक पदार्थ पुनर्वास केंद्र घोषित करना चाहिए।

राज्य की मादक पदार्थ समस्या के प्रति प्रतिक्रिया अब तक टिकाऊ नहीं रही है, जिसने संबंधित सभी मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया। सबसे पहले, राज्य सीआईडी के तहत एक एंटी-नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) स्थापित की गई। बाद में, एक राज्य कानून पारित किया गया और एक विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) बनाई गई, लेकिन एएनटीएफ को समाप्त नहीं किया गया। एसटीएफ, जिसका नेतृत्व एडीजी स्तर के अधिकारी करते हैं, लगभग कमजोर है क्योंकि उसमें पर्याप्त कर्मचारी नहीं हैं। यह एक क्लासिक मामला है, जिसमें सिलसिला बेतरतीब है। आज, ये दोनों एजेंसियां अपने कार्यक्षेत्र और अधिकारों के स्पष्ट विभाजन के लिए संघर्ष कर रही हैं।

एनडीपीएस मामलों की इंटेलिजेंस, रजिस्ट्रेशन और जांच समन्वय के लिए पुलिस रेंज स्तर पर तीन पुलिस स्टेशन बनाए गए हैं। यह प्रणाली अच्छी तरह काम कर रही है। इसे पारदर्शी कमांड श्रृंखला और जवाबदेही के साथ और मजबूत करने की जरूरत है। अतिरिक्त निरीक्षण के स्तर और प्रतिस्पर्धात्मक अधिकार क्षेत्र बनाने से राज्य के प्रयासों में भ्रम बढ़ेगा।

यह भी पता चला है कि राज्य ने नशा संबंधी नीति मार्गदर्शन देने के लिए सेवानिवृत्त नौकरशाहों की एक समिति बनाई है! गृह विभाग खुद संभाल रहे मुख्यमंत्री को इस समिति को भंग कर देना चाहिए और उनके वेतन से बचाए गए धन का उपयोग एक व्यापक सर्वेक्षण करने में करना चाहिए, जिससे समस्या को पूरी तरह समझा जा सके। राज्य के पास अपने मौजूदा सेवारत अधिकारियों के रूप में पर्याप्त टैलेंट मौजूद है जो इस मामले को संभाल सकते हैं।

मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना एक विशेष कार्य है। स्कूल और कॉलेज के छात्रों को संबोधित करना अलग बात है, लेकिन निरंतर अभियानों को बनाए रखना, मादक पदार्थ उपयोगकर्ताओं की पहचान करना और उन्हें परामर्श देना अलग। पुलिस को यह कार्य बिना आवश्यक मानव संसाधन के देना सही नहीं होगा। युवाओं को परामर्श देने के लिए उचित प्रशिक्षण आवश्यक है। राज्य का सामाजिक कल्याण विभाग पुलिस के साथ मिलकर इस कार्य को सफल बनाने के लिए काम करे।

मादक पदार्थ उपयोगकर्ताओं के परिवार आमतौर पर अपने परिजनों की समस्या को स्वीकार नहीं करते। कोई भी परिवार मादक पदार्थ उपयोगकर्ताओं की पहचान करने, उनके परामर्श, भावनात्मक समर्थन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा एनजीओ से संपर्क कर उनका नशा छुड़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।


पंचायतें जमीनी स्तर पर लोगों के साथ निकटता से काम करती हैं। उनकी सूचना किसी बाहरी एजेंसी से बेहतर होती है। इस संसाधन का उपयोग एक प्राथमिक डाटा तैयार करने और रणनीति बनाने के लिए किया जाना चाहिए।

राज्य में एनडीपीएस मामलों में वित्तीय जांच नगण्य है। राज्य पुलिस को अपने तंत्र को व्यापक बनाना चाहिए और संगठित माफियाओं का निरंतर पीछा करना चाहिए। मादक पदार्थों के खिलाफ अभियान केवल एक महीने तक सीमित नहीं रहना चाहिए।

देवभूमि हिमाचल को निरंतर इंटेलिजेंस संग्रह, निगरानी, प्रवर्तन और तेज़ अदालती कार्यवाही की आवश्यकता है ताकि इस स्थिति में वास्तविक सुधार हो सके। युवाओं, अभिभावकों, शिक्षकों और आम समुदाय में जागरूकता जरूरी है। पूरे मामले को कलंक से सहानुभूति की ओर ले जाना होगा। इस क्षेत्र के विशेषज्ञता वाले कुछ प्रतिष्ठित गैर-सरकारी संगठनों के साथ सहयोग भी लाभकारी हो सकता है।

# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3585




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:

16 → 1 2 3 4 6
23 ↑ 6 8 9

5+6+7+8+9=35
4+6+7+8+9=34
5+7+8+9=29
6+7+8+9=30

### काकुरो - 3584 का हल



## हंसी के फूव्वारें

दो बेवकूफ एक नाव में यात्रा कर रहे थे. अचानक नाव में एक छेद हो गया. जब नाव में पानी भरने लगा तो एक बेवकूफ ने चिन्तित होते हुए कहा-'नाव में पानी भर रहा है.'

'लगता है कोई छेद हो गया है.' दूसरा बेवकूफ बोला.

'फिर ?'

'एक छेद और कर देते हैं. एक छेद से पानी आ रहा है, दूसरे छेद से निकल जायेगा.' दूसरे बेवकूफ ने सुझाव दिया तो पहले बेवकूफ ने सिर हिलाकर उसकी बात का अनुमोदन कर दिया.

□ □ □

एक भिखारी ने एक बार लाटरी का टिकट खरीद लिया. टिकट खरीदने के बाद वह उछलने-कूदने लगा. अन्त में वह घर पहुंचकर अपनी घरवाली से बोला-'मैंने लाटरी का टिकट खरीद लिया है. अब हम बहुत जल्दी लखपति बनने वाले हैं.'

'ओह!'

घरवाली करवट बदलते हुए बोली-'यह कितनी अच्छी बात है. फिर तो हम कार में बैठकर भीख मांगा करेंगे!'

□ □ □

एक अभिनेत्री को अपना पासपोर्ट बनवाना था. उसे एक फार्म भरने को दिया गया. उस फार्म में एक प्रश्न यह भी था-'आप विवाहित हैं, अविवाहित हैं या तलाकशुदा ?'

अभिनेत्री ने तुरन्त जवाब लिखा-'तीनों !'

## फिल्म वर्ग पहेली- 3585



**बायें से दायें:-**

१. जैकी श्रॉफ, सलमान, रंभा, अश्विनी भावे की फिल्म-३
३. 'छम छम बरसा' गीत वाली फिल्म-३
६. 'जलता है जिया मेरा भीगी भीगी' गीत वाली फिल्म-२
७. राकेश रोशन, सिम्मी की फिल्म-२
८. अमिताभ, शर्मिला, हेमा, परवीन की फिल्म-४
१०. 'मरना तेरी गली में जीना तेरी' गीत वाली फिल्म-३
१२. फरदीन, करीना की 'रंग दीन्ही रंग' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'कहना है तुम' गीत वाली आमिर, मनीषा की फिल्म-२
१४. 'सिर्फ संडे को करती हूँ मैं तो प्यार' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'चाँदनी रात है' गीत वाली सलमान, नगमा की फिल्म-२
१७. 'जिंदगी ये जिंदगी दो घड़ी की जिंदगी' गीत वाली फिल्म-३
१९. नागार्जुन, उर्मिला की फिल्म-२
२०. जैकी श्रॉफ, जूही, एकता की एक सस्पेंस फिल्म-३
२३. मिलिंद, विक्रम सलूज की फिल्म-३
२५. विनोद मेहरा, अनिल कपूर, स्मिता, रति की फिल्म-२,१,२
२६. 'याइला रे लड़की मस्त' गीत वाली फिल्म-२
२७. धर्मेन्द्र, शर्मिला की 'बहारें की बारात आ' गीत वाली फिल्म-३
२८. 'तुझे देखके दिल' गीत वाली फिल्म-३
३१. सनी, जॉन, सुनील शेट्टी की फिल्म-३
३२. 'जिस का मुझे था' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
३३. अक्षय, सैफ, रवीना टंडन, सोनाली बेंद्रे की फिल्म-३

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रंग भरे मौसम से' गीत वाली फिल्म-३
२. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा, शर्मिला की फिल्म-३
४. 'मैं तेरी मुहब्बत में' गीत वाली फिल्म-३
५. बिजॉय आनंद, कृतिका पाने, सोनू वालिया की फिल्म-२
६. 'दिल्ली की सर्दी' गीत वाली फिल्म-३
९. राजबब्बर, अनिता की फिल्म-४
११. 'किसी के दिल में' गीत वाली फिल्म-३
१२. नवीन निश्चल, सायरा की 'इधर गया था' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'तेरे बिना तेरे' गीत वाली फरदीन, करीना की फिल्म-२
१७. संजय, उर्मिला की 'ओ भंवरे देखो हम' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'खाई है रे हमने कसम संग रहने की' गीत वाली फिल्म-३
२१. जैकी, नीलम की 'चुराया तूने दिल' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'अपनी चाहतों पे काबू' गीत वाली जॉन, उदिता की फिल्म-२
२३. इरफान खान, की 'मैंने दिल से कहा' गीत वाली फिल्म-२
२४. 'हम तीनों की वो यारी' गीत वाली फिल्म-३
२५. राजेंद्रकुमार, राखी की फिल्म-२,२
२६. 'पहली बार जो' गीत वाली फरदीन, उर्मिला की फिल्म-३
२९. 'सुन जरा सोनिये' गीत वाली फिल्म-२
३०. रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3584



## सूडोकु -3585


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | 1 | | 2 | | 3 | 8 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 2 | | | | | | | | 5 |
| | | 3 | | 5 | | 4 | 8 | |
| | 7 | | | | | | 1 | |
| | 5 | 8 | | 6 | | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | 1 |
| | | | 2 | | 9 | | | |
| 3 | 4 | | 6 | | 7 | | 5 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3584 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 8 | 9 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 7 | 9 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 8 | 2 | 6 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 7 | 2 | 8 | 9 |
| 2 | 7 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 3 | 1 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 1 | 4 | 7 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 7 | 4 | 8 |
| 5 | 9 | 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 |
| 7 | 8 | 6 | 4 | 1 | 3 | 5 | 9 | 2 |

## शब्द पहेली - 3585



**बाएँ से दाएँ**

1.सुरक्षित-4
4.माहुर,आलता-4
7.कार्य,काज-2
8.रांझे की प्रेमिका-2
9.स्याही,कालिख-2
10.भूमि,धरा-2
12.ठाठ-बाट-2
14.अधर,होठ-2
16.विशाल,श्रेष्ठ-3
18.आदेश,आज्ञा-4
20.कृष्ण भक्त एक मुस्लिम कवि-4
23.काका की पत्नी-2
24.कामदेव की पत्नी-2
25.जनवासा,हरम-4
28.हमसफर-4
30.कपड़े धोने वाला-3
33.आनंद,मौज-2
35.संदेह-2
37.सरूर,खुमार-2
39.मृत्यु का देवता-2
41.पुण्य का विलोम-2
42.परछाई,छाया-2
43.शिव,रुद्र,शंकर-4
44.सराबोर,सना हुआ-4

**ऊपर से नीचे**

1.समान,एक जैसा-2
2.बारीक-3
3.भीगा हुआ-2
4.मेरा (संस्कृत-2)
5.पाना,प्राप्त-3
6.घोड़ागाड़ी,गाड़ी-2
7. कहवा-2
11.उद्देश्य-2
12.गजल लिखनेवाला-3
13.उस जगह-2
15.बारिश,वर्षा-3
16.जी,चित-2
17.मर्द,आदमी-2
18.दरवेश-3
19.मध्य प्रदेश का एक क्षेत्र-3
21.साजन,प्रेमी-3
22.मुलायम-3
26.कायदा,कानून-3
27.महोदय (अंग्रेजी)-2
28.अधिकार-2
29.खटखटाना-3
31.जगत,दुनिया-2
32.प्राण,जीव-2
34.स्वाद-3
35.प्रतिज्ञा-3
36.शरीर,तन-2
38.संध्या,सांझ-2
40.अपशिष्ट पदार्थ-2
41.मस्तूल,नौका पर बांधा जाने वाला कपड़ा-2
42.संग,संगत-2

### शब्द पहेली - 3584 का हल



गौतमबुद्धनगर
बुधवार 09 जूलाई 2025
Www.vishalindia.in

# न्यू नोएडा अवैध निर्माण को चिह्नित करेंगे लेखपाल

## 80 गांवों की 209 वर्ग किमी पर बसेगा शहर, राजस्व विभाग से करेंगे समन्वय, प्रत्येक सप्ताह देनी है रिपोर्ट

**नोएडा।** न्यू नोएडा में अवैध निर्माण को रोकने के लिए प्राधिकरण ने दो लेखपालों को नियुक्त किया है। दोनों लेखपाल के नोएडा के 20 और बुलंदशहर के 60 गांवों को देखेंगे। राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर यहां अवैध निर्माण की गतिविधियों को चिह्नित करेंगे। साथ ही प्रत्येक सप्ताह नोएडा प्राधिकरण को अपनी रिपोर्ट देंगे। 4 जुलाई को इसे संबंधित एक कार्यालय आदेश जारी कर दिया गया है।

शासन की ओर से DNGIRको विकसित करने के लिए 29 जनवरी 2021 को जमीन 80 गांवों की जमीन के लिए अधिसूचना जारी की गई थी। जिसके बाद यहां निर्माण के लिए नोएडा प्राधिकरण की मंजूरी की आवश्यकता है। बिना अनुमति के बनाया गया निर्माण अवैध माना जाएगा। DNGIR शहर करीब 209.11 वर्ग किमी में बसाया जाना है।

प्राधिकरण ने बताया कि यहां अवैध निर्माण को रोकने के लिए लेखपाल के तौर पर राजेश कुमार शर्मा व मनोज कुमार दुबे को नियुक्त किया है। राजेश कुमार शर्मा को बुलंदशहर के 30 गांव और गौतमबुद्धनगर के 10 गांवों की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा मनोज कुमार दुबे बुलंदशहर के 30 और नोएडा के 10 गांव दिए गए है।



इनका काम इन गांवों में हो रहे अवैध निर्माण को चिह्नित करना और प्रत्येक सप्ताह रिपोर्ट तैयार कर प्राधिकरण को सौंपना है।

डीएनजीआईआर 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। इसके मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। इससे पहले यहां जमीन अधिग्रहण और मुआवजा के लिए रेट तय किए जाएंगे।

### आपसी सहमति से ली जाएगी जमीन

प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि न्यू नोएडा के लिए जमीन का अधिग्रहण किसानों से आपसी सहमति के आधार किया जाएगा। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला नहीं हुआ है। सबसे पहले 15 गांवों की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा। जबकि न्यू नोएडा को 80 गांवों की जमीन पर बसाया जाएगा। प्रत्येक गांव में करीब 200 किसान परिवार है। यानी कुल 16 हजार किसान परिवार है। जिनके साथ बैठक की जाएगी। पहले फेज में 3165 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण किया जाना है।

# गोल्फ कोर्स के लिए जमीनी समस्या होगी दूर

## 2.2261 हेक्टेयर जमीन के लिए कलेक्टर ने जारी की अधिसूचना, लोगों से मांगी आपत्तियां

**नोएडा।** नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स में 2. 2261 हेक्टेयर जमीन का अधिग्रहण धारा-11 के तहत किया जाएगा। इसके लिए जिला कलेक्टर की ओर से प्रारंभिक अधिसूचना जारी कर दी है। 60 दिनों तक आपत्तियां मांगी गई है। इसके बाद जमीन का अधिग्रहण कर लिया जाएगा। ये जमीन नोएडा के कामबख्शपुर गांव की है। जिसमें करीब 11 खसरे शामिल है। तमाम प्रयासों के बाद भी किसानों ने जमीन नहीं दी। इसलिए अब धारा-11 के जरिए जमीन ली जा रही है।

दरअसल ये नोएडा इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स 113 एकड़ में किया जा रहा है। इसी हिस्से में ये जमीन है। किसान के साथ कई बार की बैठक होने के बाद




भी वो सहमत नहीं हुए। ऐसे में कलेक्टर की ओर से धार-11 की कार्यवाही की गई। जमीन मिल जाने के बाद गोल्फ कोर्स का पूरा निर्माण किया जा सकेगा। हालांकि गोल्फ कोर्स का निर्माण कर रही कंपनी को ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है। क्योंकि सीईओ के निरीक्षण के दौरान मिला था कि जिस कंपनी को निर्माण का काम आवंटित किया गया था उसने काम बंद कर रखा है।

### इन खसरा को किया शामिल

आरएफपी जारी कर नई कंपनी का चयन किया जाएगा। वर्तमान में इसका 65 प्रतिशत काम पूरा किया जा चुका है। कामबख्शपुर की जमीन नहीं मिलने से निर्माण में बाधा आ रही थी। ऐसे में धारा-11 के तहत खसरा नंबर-74एम, 75एम, 90एम, 91एम, 96एम, 98एम, 99एम, 101एम, 106एम, 107एम, 295एम यानी कुल 2.2261 हेक्टेयर जमीन प्राधिकरण को मिलेगी।

### 113 एकड़ में बन रहा गोल्फ कोर्स

94.369 एकड़ में गोल्फ एरिया
6.895 एकड़ में क्लब और पार्किंग एरिया
7.910 एकड़ में ड्राइविंग रेंज एरिया
4.702 एकड़ में एनटी लाइन एरिया
9.289 एकड़ में हेलीपोर्ट
4.614 एकड़ में हेलीपोर्ट एप्रोच रोड एरिया बनाया जा रहा है।

# नोएडा में अवैध खनन मामले में 40 वाहन सीज

## ग्रेटर नोएडा जोन में सबसे ज्यादा 29 वाहन सीज, 21 जून से चलाया गया अभियान

**नोएडा।** जिले में हो रहे अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस कमिश्नर सख्त हैं। तीनों जोन में पुलिस कमिश्नर के निर्देश पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

21 जून 2025 से शुरू हुए अभियान के तहत अबतक ओवरलोडिंग और अवैध खनन में संलिप्त पाए जाने पर 40 वाहनों को सीज कर दिया है।

अभियान के तहत नोएडा जोन के सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने एक ट्रक जबकि सेक्टर-126 थाने की पुलिस ने चार हाईवा वाहनों को बालू एवं रेत से ओवरलोड पाए जाने पर सीज किया। जोन की पुलिस ने कुल पांच वाहनों को सीज किया है।

### सेंट्रल जोन में छह वाहन सीज

सेंट्रल नोएडा जोन की बिसरख थाने की पुलिस ने तीन ट्रक को सीज दिया। बादलपुर पुलिस ने एक हाईवा, सेक्टर-142 थाने की पुलिस ने दो डंपर वाहनों को ओवरलोडिंग की स्थिति में पाए जाने पर सीज किया।

जोन की पुलिस ने कुल छह वाहनों को सीज किया जबकि अवैध खनन से संबंधित एक मुकदमा इस अवधि में दर्ज किया गया।

# ग्रेटर नोएडा में कार-बाइक टच होने पर विवाद

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के ईकोटेक-1 कोतवाली क्षेत्र में एक सीएनजी पंप पर मामूली टक्कर ने हिंसक रूप ले लिया। कासना कोतवाली क्षेत्र के लड़पुरा गांव निवासी नीरज भाटी की कार से एक बाइक के टच हो जाने पर विवाद शुरू हुआ। बाइक सवार दो युवकों ने पहले गाली-गलौच की। फिर अपने अन्य साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने पंप से कुछ दूर ले जाकर नीरज भाटी पर हमला किया। हमले में पीड़ित को चोटें आईं और उनकी कार भी क्षतिग्रस्त कर दी गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह घटना करीब 5 दिन पहले की है। कोतवाली प्रभारी अरविंद वर्मा ने बताया कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# जमीन के फर्जी दस्तावेज बनाकर रजिस्ट्री कराने का मामला

## ग्रेटर नोएडा में तीन आरोपी गिरफ्तार, 18 लाख रुपये फ्रीज

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया है। रबूपुरा थाना पुलिस ने फर्जी किसान बनाकर जमीन की अवैध बिक्री करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है।

गिरफ्तार आरोपियों में प्रवीन कुमार उर्फ बादशाह, श्यामबाबू और जयकुमार शामिल हैं। प्रवीन कुमार फलैदा का रहने वाला है। श्यामबाबू खुर्जा देहात बुलन्दशहर का और



जयकुमार सिकन्द्राबाद बुलन्दशहर का रहने वाला है। शिकायतकर्ता की फलैदा बांगर में 0.8170 हेक्टेयर जमीन है। आरोपियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर इस जमीन के फर्जी दस्तावेज तैयार किए। उन्होंने फर्जी आधार कार्ड और पैन कार्ड भी बनवाए। इसके बाद खुद को किसान बताकर जमीन की रजिस्ट्री करा ली।

पुलिस ने मंगलवार को फलैंदा बागर से धनपुरा जाने वाले रास्ते से तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपियों और अन्य संदिग्धों के खातों में मौजूद करीब 18 लाख रुपये को फ्रीज करा दिया गया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है।

# नोएडा में अस्पताल डायरेक्टर को ब्लैकमेल कर मांगे 2 करोड़

## रुपए न देने पर बदनाम करने की दी थी धमकी, महिला समेत दो गिरफ्तार

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के प्रकाश अस्पताल के प्रबंध निदेशक को ब्लैकमेल करने के मामले में महिला समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। उन पर आरोप है कि उन्होंने 2 करोड़ रुपए मांगे थे। प्रबंध निदेशक की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपियों को जेल भेज दिया। ये कार्रवाई सेक्टर-24 थाना पुलिस ने की है।

### 1998 में महिला ने वार्ड आया पद पर काम किया था

पीड़ित डॉक्टर डॉ. वीएस चौहान ने पुलिस को बताया-वह आर्थोपेडिक सर्जन और प्रकाश अस्पताल के प्रबंध निदेशक हैं। उनका अस्पताल सेक्टर-



12 में हैं। उनके क्लिनिक में अक्टूबर 1998 में माया नामक महिला ने वार्ड आया के पद पर नौकरी की थी। 21 दिसंबर 1998 तक उसने काम किया। इसके बाद बिना सूचना दिए क्लिनिक पर आना बंद कर दिया। लंबे समय बाद माया ने एक दिन फोन किया। बताया कि उसने राम नारायण सिंह नामक व्यक्ति से शादी कर ली है और वह मुंबई में उसके साथ रह रही है। 12 फरवरी 2011 को उनके पास मुंबई हाईकोर्ट से वकील के माध्यम से एक नोटिस प्राप्त हुआ।

### नोटिस भेजकर डॉक्टर से शादी करने का किया दावा

नोटिस में दावा किया गया कि माया की शादी पीड़ित के साथ घर के ही मंदिर में हुई थी।

23 जून 1999 को महिला ने एक बच्चे को जन्म दिया था। जिसका नाम अमन सिंह है। नोटिस में कहा गया कि महिला अपने और बच्चे के भरण-पोषण की मांग की गई। एक मार्च 2011 को वकील के माध्यम से आरोपों को झूठा बताते हुए जवाब भेज दिया। इसके बाद 22 मई 2012 को एक अन्य वकील के माध्यम से शिकायतकर्ता को नोटिस मिला। उसका भी जवाब भेज दिया।

### कानूनी कार्यवाही नहीं बदनाम करने का किया प्रयास

पीड़ित का कहना है कि इसके बाद आरोपी महिला ने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की, बल्कि अवैध रूप से धन ऐंठने की नियत से फोन कॉल, एसएमएस किए और बदनाम करने का प्रयास किया। सफलता नहीं मिली तो आरोपी महिला ने साल 2014 में कोर्ट में केस दायर किया। जिसे अदालत ने सुनवाई के बाद साल 2018 में निरस्त कर दिया।

# 25 लाख रुपये की ड्रग्स के साथ चार अभियुक्त गिरफ्तार



सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना नॉलेज पार्क पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने चार अभियुक्तों रोहित कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी खुर्शेदपुरा थाना जारचा जिला गौतमबुद्धनगर, नकुल पुत्र विशनपाल निवासी वीरपुरा थाना जारचा जिला गौतमबुद्धनगर, कृष्ण पुत्र जगपाल सिंह निवासी खुर्शेदपुरा थाना जारचा जिला गौतमबुद्धनगर, लवकुश तेवतिया पुत्र कृष्ण पाल सिंह निवासी खुर्शेदपुरा थाना जारचा जिला गौतमबुद्धनगर को गुर्जरपुर रेलवे अण्डरपास की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ता के पास से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने लगभग 25 लाख रुपये की 600 ग्राम ड्रग्स बरामद की है। अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है।

## साइबर फ्रॉड का मुख्य आरोपी नोएडा से गिरफ्तार

**नोएडा।** सीबीआई ने एक अंतरराष्ट्रीय साइबर फ्रॉड सिंडिकेट का पता लगाया है। ये भारत से बैठकर यूनाइटेड किंगडम और ऑस्ट्रेलिया के नागरिकों को शिकार बना रहा था। इस पूरे मामले में सीबीआई ने मुख्य आरोपी निशांत वालिया को नोएडा से गिरफ्तार किया है। आरोप फर्स्ट इंडिया नामक कंपनी का पार्टनर है और यहीं से पूरा ऑपरेशनल नेटवर्क चला रहा था। सीबीआई ने नोएडा की 3 लोकेशन पर छापेमारी की थी। जिसमें लाइव रेड के दौरान कॉल सेंटर का संचालन जारी था। ये कॉल सेंटर नोएडा स्पेशल इकोनॉमिक जोन में संचालित किया जा रहा था। ये लोग ठग खुद को मल्टीनेशनल कंपनी माइक्रोसॉफ्ट सहित अन्य एमएनसी का टेक्निकल स्पोर्ट स्टाफ बताया करते थे। अब सीबीआई एफबीआई और यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी से भी इस मामले में संपर्क कर रही है। पहले विदेशी लोगों को फर्जी कॉल सेंटरों से कॉल किया जाता। उन्हें बताया जाता कि उनके सिस्टम में वायरस है या बैंकिंग खाता खतरे में है। फिर उन्हें नकली वेबसाइट या फिशिंग लिंक पर भेजकर लॉगिन या कार्ड डिटेल्स डलवाए जाते थे। जैसे ही कोई व्यक्ति उस लिंक पर डिटेल भरता, उनकी पूरी जानकारी इस गिरोह के पास पहुंच जाती थी। सीबीआई के मुताबिक, ऐसे मामलों में आम तौर पर एक व्यक्ति से सैकड़ों डॉलर की ठगी की जाती थी। आम जनता और खासकर विदेशी नागरिकों को अलर्ट रहने को कहा है।

# जनशिकायतों के निस्तारण में कमिश्नरेट को मिला पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त जनशिकायतों के निस्तारण के संदर्भ में मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी मूल्यांकन रिपोर्ट में माह-जून वर्ष-2025 में उत्तर प्रदेश में प्रथम रैंक प्राप्त की गई है। कमिश्नरेट गौतबुद्धनगर के 27 थानों ने भी प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है एवं आवेदकों से फीडबैक/सम्पर्क में भी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का प्रदेश में सर्वोच्च स्थान रहा। पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह द्वारा आईजीआरएस पोर्टल (जनसुनवाई पोर्टल) पर उच्च स्तर से प्राप्त शिकायती सन्दर्भ का त्वरित एवं



गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु माह के प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा की जाती है। जिसके कारण कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर द्वारा रैंकिग में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है। आईजीआरएस एक ऑनलाइन प्लेटफार्म है जिसको सरकार द्वारा प्रदेश के नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं के समाधान के लिए स्थापित किया गया है। इस प्रणाली का उद्देश्य प्रदेश के नागरिकों को एक आसान और प्रभावी समस्याओं के निस्तारण हेतु एक माध्यम प्रदान करना है जिसके माध्यम से आमजन मानस अपनी शिकायतें दर्ज कर सकें और उनका त्वरित समाधान प्राप्त कर सकें। यह नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी समाधान का प्रमाण है। जब शिकायतों का समाधान जल्दी और सही तरीके से किया जाता है तो नागरिकों का प्रशासन पर विश्वास बढ़ता है। शिकायतों के निस्तारण के उपरांत संबंधित अधिकारियों द्वारा आवेदकों से सम्पर्क स्थापित करने के क्षेत्र में भी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर ने उत्तर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। माह जून 2025 में कुल 821 आवेदकों द्वारा उनकी शिकायतों के निस्तारण के संबंध में फीडबैक प्रदान किया गया। जिसमें 99.03 प्रतिशत आवेदकों ने की गई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया। साथ ही आवेदकों से संपर्क स्थापित करने के क्षेत्र में कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर का प्रदर्शन 99.15 प्रतिशत रहा जो प्रदेश में सर्वोच्च है।

## शार्ट न्यूज

### थाना फेस टु पुलिस ने 25000 रूपये के ईनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**नोएडा।** थाना फेस टु पुलिस ने 25 हजार रूपये के इनामी वांछित अभियुक्त दीपक पुत्र राजपाल निवासी ग्राम समयपुर थाना सैक्टर 58 जिला फरीदाबाद हाल पता ग्राम इलाहाबास थाना फेस टु गौतमबुद्नगर को डीएनडी केएमपी एक्सप्रेसवे के नीचे तिगाव कट के पास फरीदाबाद हरियाणा से सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। उपरोक्त अभियुक्त थाना फेस टु पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 282/2025 धारा 191(2)/190/109(1)/333/3(5) बीएनएस के तहत वांछित चल रहा था ।जिसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया गया था। 15 जून 2025 को अभियुक्त दीपक द्वारा अपने सह अभियुक्तों के साथ मिलकर एक राय होकर मुकदमा उपरोक्त के वादी, उसकी माँ एवं उसके परिजन के साथ घर में घुसकर लाठी,डन्डो, ईट पत्थरो से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। उसके सह अभियुक्त गोल्डी द्वारा जान से मारने की नियत से पिस्टल से फायरिंग की गयी थी।

### नोएडा में अवैध निर्माण ध्वस्त

**नोएडा।** नोएडा के सोरखा जाहिदाबाद गांव में मंगलवार को प्राधिकरण ने अवैध निर्माण के खिलाफ अभियान चलाया। चार खसरों की जमीन पर अवैध निर्माण पाया गया। नोटिस जारी करने के बाद जवाब नहीं मिलने पर जेसीबी से उसे धवस्त करा दिया गया। सर्किल-6 की टीम ने इस कार्रवाई को अंजाम दिया। इस जमीन की कीमत 18 करोड़ आंकी गई है। लोगों को चेतावनी दी गई कि दोबारा ऐसा नहीं होना चाहिए। प्राधिकरण ने बताया कि सोरखा जाहिदाबाद गांव में खसरा नंबर-949,615,618 और 612 प्राधिकरण की जमीन है। निगरानी का काम प्राधिकरण का है। यहां कमरा और प्लाट के चारों ओर बाउंड्री और गेट बना दिया गया था। प्लाट का एरिया करीब 4500 वर्गमीटर है। इस जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए सर्किल-6 की अगुआई में एक टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। टीम ने प्लाट पर बने पक्के निर्माण को जेसीबी की मदद से ध्वस्त किया। इस दौरान वहां कुछ लोग पहुंचे। पुलिस बल ने उनको शांत कराया और दस्तावेज दिखाए।

### नोएडा में कारोबार करने का एक ओर मौका

**नोएडा।** नोएडा में कामर्शियल प्लाट पर मॉल बनाने का मौका है। नोएडा प्राधिकरण ने यूनीफाइड पॉलिसी के तहत पहली कामर्शियल प्लाट स्कीम को लॉन्च किया है। इसके तहत कामर्शियल प्लाटों की योजना में दोबारा से नेटवर्थ , टर्नओवर और लिक्विडिटी की धनराशि की गणना करते हुए योजना को सेकेंड रोल ओवर किया गया। योजना के तहत 8 से 30 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। योजना में हिस्सा लेने वालों को ईएमडी भुगतान की अंतिम तिथि 28 जुलाई तय की गई है। योजना से संबंधित अधिक जानकारी प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट noidaauthorityonline.in व एसबीआई पोर्टल nda.etender.sbi के जरिए ले सकते है। इस स्कीम में 20 हजार वर्गमीटर के पांच प्लाट होंगे। ये प्लाट सेक्टर-62,108,96 और 98 में है। सेक्टर-98 में 24 हजार वर्गमीटर के दो प्लाटों की स्कीम है। इसी तरह 20 हजार वर्गमीटर से कम के पांच प्लाट सेक्टर-142,61,63 और 135 में है। इसमें सेक्टर-135 में आठ हजार वर्गमीटर 5381 वर्गमीटर के दो प्लाट है। प्राधिकरण जल्द ही नर्सिंग होम और अस्पताल बनाने के लिए संस्थागत प्लाट और होटल बनाने के लिए स्कीम लॉन्च करने जा रहा है।

### ग्रेटर नोएडा में चार मंजिला निर्माणाधीन मकान ढहा



**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के दादरी थाना क्षेत्र में रेलवे रोड पर एक निर्माणाधीन चार मंजिला मकान ढह गया। मकान वीर सिंह का था, जो निर्माण के दौरान ही गिर गया। बारिश के कारण मकान का निर्माण कार्य पहले से ही रुका हुआ था। रविवार को हुई तेज बारिश से मकान की नींव में पानी भर गया। रात के समय मकान पूरी तरह से ढह गया। सौभाग्य से घटना के समय मकान में कोई नहीं था। निर्माण कार्य बंद होने के कारण सभी मजदूर पहले ही वहां से जा चुके थे। मकान मालिक का परिवार भी दूसरे मकान में रह रहा था। इस कारण कोई जनहानि नहीं हुई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय प्रशासन को घटना की जानकारी दे दी गई है।

### बिजली की समस्याओं से परेशान किसान



**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में बिजली संबंधी समस्याओं को लेकर किसानों ने सोमवार को दनकौर बिजली घर पर प्रदर्शन किया। भारतीय किसान यूनियन (कृषक शक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर के नेतृत्व में यह धरना आयोजित किया गया। अमन ठाकुर ने बताया कि दनकौर फीडर के गांवों में क्षमता से अधिक भार है। इससे ट्रांसफॉर्मर और बिजली के तार बार-बार टूट रहे हैं। बिजली विभाग ट्रांसफॉर्मर बदलने में एक से दो महीने का समय ले रहा है। गर्मी के मौसम में लोगों को बिजली के बिना रहना पड़ रहा है। अधिकतर गांवों की बिजली लाइनें जर्जर हैं, जिससे हादसे हो रहे हैं। प्रदर्शन के दौरान बिजली विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने सर्वे कराकर जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने ज्ञापन सौंपकर धरना समाप्त कर दिया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव मुकेश कुमार गौड़, राष्ट्रीय प्रवक्ता रविंद्र प्रधान समेत धर्मन रौनीजा, धर्मेंद्र मिर्जापुर, विपिन भाटी, नीरज भाटी और कई अन्य किसान नेता मौजूद रहे। सैकड़ों किसानों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया।



# काशी में दशाश्वमेध घाट डूबा, गंगा आरती की जगह बदली

## आगरा में बाल योगी पानी में खाट पर बैठे; बिजनौर में धर्मशाला में घुसा मगरमच्छ



उत्तर प्रदेश। यूपी में मंगलवार को बुलंदशहर, जालौन, बहराइच समेत कई शहरों में तेज हवा के साथ बारिश हुई। आगरा के अजिजपुर में बाल योगी ने जलभराव के बीच चारपाई पर बैठकर प्रदर्शन किया। कुछ युवक उनकी चारपाई को लेकर पानी में इधर-उधर घूमते भी रहे। सपा मुखिया अखिलेश ने वीडियो शेयर योगी सरकार पर तंज कसा।

आगरा में ही सावित्री देवी नाम की महिला जल समाधि लेने मनखेड़ा गांव के तालाब में उतर गई। पुलिस ने उसे समझाकर बाहर निकाला।

वाराणसी में गंगा नदी का जलस्तर 62.58 मीटर पर पहुंच गया। यहां वॉर्निंग लेवल 70.26 है। काशी में 20 से अधिक घाटों में पानी भर गया। दशाश्वमेध घाट पर होने वाली गंगा आरती का स्थान इस सीजन में पहली बार बदलना पड़ा। अस्सी घाट पर भी आरती स्थल के करीब गंगा का जलस्तर पहुंच गया है। नाव पर बैठने के लिए जेटी लगाई गई है।

वहीं, जालौन में सड़कें तालाब बन गईं। बच्चे पानी में खेलते नजर आए।

इधर, बिजनौर में गंगा का जलस्तर बढ़ने की वजह से मगरमच्छ गांव की धर्मशाला में घुस गया। 10 फीट के मगरमच्छ को देखकर वहां भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का रेस्क्यू किया और उसे वापस गंगा में छोड़ा। बुंदेलखंड के ललितपुर में तेज बारिश के चलते रोहिणी नदी का पुल डूब गया है।

यूपी में नदियां उफान पर हैं। प्रयागराज में पिछले 24 घंटे में गंगा का जलस्तर 20 सेमी और यमुना का 77 सेमी बढ़ा है। यहां गंगा 78.27 मीटर पहुंच गईं हैं। यह खतरे के निशान से 6 मीटर कम है। मंगलवार सुबह गंगा का पानी रामघाट तक पहुंच गया। ग्रेटर नोएडा में बारिश के चलते 4 मंजिला निर्माणाधीन मकान ढह गया।

मौसम विभाग ने बताया कि बुधवार को दिल्ली से सटे जिलों में बारिश हो सकती है। 30 से 50 किमी स्पीड से हवाएं चलेंगी। बिजली भी गिर सकती है।

### आगरा में भरे पानी के बीच चारपाई डालकर बैठे बाल योगी

आगरा के अजिजपुर में लोग जलभराव की समस्या से काफी परेशान हैं। पिछले दिनों हुई बारिश के बाद यहां काफी जलभराव हो गया। बाल योगी ने यहां अनूठा प्रदर्शन किया।

वे यहां गली में भरे पानी के बीच चारपाई डालकर बैठ गए। अपने साथ उन्होंने उन्होंने यहां आसपास के बच्चों को भी चारपाई पर बैठा लिया। कुछ युवक उनकी चारपाई को लेकर पानी में इधर-उधर घूमते भी रहे। इसके बाद उन्होंने जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधा।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वीडियो अपने फेसबुक पर शेयर करते हुए लिखा- ये भी गोरखपुर नहीं है, ये है भारत की पर्यटन राजधानी स्मार्ट सिटी आगरा! ये तालाब नहीं, सड़क पर जलभराव है।

# बेटे ने पत्नी के साथ मिलकर पिता-बहन का मर्डर किया

## वाराणसी में मरने के बाद भी सिर कूंचता रहा, बहन को जमीन देने से नाराज था

**वाराणसी।** वाराणसी में बहन को गांव की जमीन में हिस्सा देने से नाराज बेटे ने पिता और बड़ी बहन की हत्या कर दी। युवक ने पत्नी के साथ मिलकर पिता को पहले लोहे की रॉड से पीट-पीटकर मार डाला।

गुस्सा शांत नहीं हुआ तो सिर और मुंह को ईंट से काफी देर तक कूंचता रहा। चीखें सुनकर बहन घर के आंगन में आई, खून ही खून बिखरा देखकर उसके होश उड़ गए। भाई को रोकने का प्रयास किया, तो उसने बहन पर हमला किया। बहन अंदर कमरे की तरफ भागी, राजेश ने दौड़ाकर उसके सिर पर सिलबट्टा मार दिया। इससे बहन की भी वहीं मौत हो गई।

राजेश और इंदू दोनों लाशों को ठिकाने लगाने की प्लानिंग कर रहे थे। मगर चीख-पुकार सुनकर पड़ोसियों को शक हो चुका था। उन्होंने पुलिस को फोन कर दिया। पुलिस पहुंची तो घर में बाप-बेटी की लाश पड़ी हुई थी। पूरे घर में खून बिखरा था। राजेश और



उसकी पत्नी इंदू को हिरासत में लिया गया। घटना मंगलवार सुबह 9: 30 बजे कैंट थाना क्षेत्र के प्रतापनगर कॉलोनी की है।

### शहर-गांव में करोड़ों की प्रॉपर्टी, इसी का विवाद

प्रतापनगर कॉलोनी में रहने वाले रामदीन भारद्वाज (75) जलकल विभाग के चालक पद से रिटायर थे। उनकी पत्नी की 7 साल पहले मृत्यु हो चुकी है। परिवार में बेटा राजेश उर्फ राजू (41) और बेटी शिवकुमारी (47) हैं। उनकी बेटी शिवकुमारी की शादी जलालाबाद हरदासपुर के रहने वाले युवक से हुई थी। रामदीन के पास ठीकठाक प्रॉपर्टी थी। वह गाजीपुर के मूल निवासी थे, वहां एक पैतृक मकान और जमीन थी। इसकी कीमत करीब 6 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

## छांगुर बाबा की 3 करोड़ की कोठी पर चला बुलडोजर

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा पर मंगलवार को बड़ी कार्रवाई हुई। बलरामपुर में 40 कमरों वाली उसकी आलीशान कोठी पर 9 बुलडोजर चलाए गए। शाम 5 बजे तक कोठी के 20 कमरे और 40 फीट लंबे और इतने ही चौड़े हॉल को ढहा दिया गया। अब बुधवार सुबह 10 बजे फिर से कमरे तोड़े जाएंगे। कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को अवैध बताया गया है। एटीएस का दावा है, छांगुर बाबा यहीं से धर्मांतरण का नेटवर्क चलाता था। हालांकि यह कोठी उसकी महिला मित्र नीतू उर्फ नसरीन के नाम पर है। बाबा ने ही नीतू का धर्मांतरण करके उसे नसरीन नाम दिया था। योगी ने कहा, आरोपी जलालउद्दीन की गतिविधियां समाज विरोधी ही नहीं, बल्कि राष्ट्र विरोधी भी हैं। आरोपी और उसके गिरोह से जुड़े सभी अपराधियों की संपत्तियां जब्त की जाएंगी और उन पर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। कानून के अनुसार ऐसी सजा दी जाएगी, जो समाज याद रखेगा।

# आईजीआरएस : झांसी रेंज चौथी बार रहा अव्वल

## रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण कराएं निस्तारण

**ललितपुर।** झांसी माननीय मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली में माह जून 2025 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर पुलिस उपमहानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी केशव कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि आईजीआरएस, जनसुनवाई और सीएम हेल्पलाइन पोर्टल पर माह जून 2025 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- जून 2025 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने वर्ष में चौथी (04) बार प्रथम रैंक प्राप्त की है साथ ही परिक्षेत्र के जनपद ललितपुर ने भी उत्तर प्रदेश के जनपदों की रैंकिंग में प्रथम स्थान प्राप्त किया द्य डी.आई.जी. द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस



उ.नि. राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर विमल कुमार श्रीवास्तव, मु.आ. देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को प्रोत्साहन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है । पुलिस अधीक्षक ललितपुर को आई.जी.आर.एस. शाखा , ललितपुर में कार्य कर रहे अधिकारी एवं कर्मचारीगण के उत्साहवर्धन हेतु नगद पुरस्कार से पुरस्कृत करने हेतु निर्देशित किया गया। डीआईजी द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को आई.जी.आर.एस. प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है ।

## मैनपुरी में स्कूल वैन पलटी, 6 बच्चे घायल

मैनपुरी। मैनपुरी के दन्नाहार थाना क्षेत्र में स्कूल वैन पलटने से 6 बच्चे घायल हो गए। इनमें से 3 बच्चों की स्थिति गंभीर है। हादसे के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया। स्कूल वैन करहल चौराहा स्थित संत रामानुज स्कूल की है। हादसा सिंहपुर गांव के पास हुआ है। वैन की क्षमता 7 सीटर है लेकिन उसमें 25 बच्चे सवार थे। हादसे के बाद बच्चों में चीख-पुकार मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मदद के लिए पहुंचे। उन्होंने वैन के शीशे तोड़कर बच्चों को बाहर निकाला। बच्चों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। वहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पेरेंट्स अस्पताल पहुंच गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से वैन को सीधा कराया और जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंचे ग्रामीण सुरेंद्र ने बताया- सुबह करीब 8 बजे हम लोग खेतों की तरफ जा रहे थे। टाटा मैजिक गाड़ी हमारे बगल से तेज रफ्तार में निकली। उसमें क्षमता से ज्यादा बच्चे सवार थे। कुछ बच्चे खिड़की से बाहर झांक रहे थे। करीब 400 मीटर आगे जाते ही अचानक पलट गई। धमाके की आवाज सुनते ही हम लोग गाड़ी की तरफ भागे।

# पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला

## आगरा में डंडे से पीटा फिर गले में फंदा बांधकर लटकाया, रोने का नाटक करती रही

आगरा। आगरा में पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति को मार डाला। इसके बाद उसकी लाश को फंदे से लटका दिया। सुबह मोहल्ले वालों के सामने रोने का नाटक करने लगी। पुलिस से कहा कि पता नहीं कैसे हो गया। पति ने फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया है। पुलिस को पति के शरीर पर कई जगह निशान मिले। शक होने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। इसके बाद पुलिस ने महिला से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने अपना जुर्म कबूल लिया। पुलिस को बताया कि मैंने अपने प्रेमी के साथ मिलकर हत्या की है। पति की 8 बीघा जमीन को अपने नाम करवाना चाहती थी। मामला के फतेहपुर सीकरी का है।

### घर के कमरे में मिली थी लाश

सुरेश की दूसरी और प्रीति की भी दूसरी शादी थी। प्रीति अक्सर अपने मायके में ही रहती थी। फोन पर व घर पर ही अक्सर दोनों लड़ते थे।

5 जुलाई को दुल्हारा गांव में रहने वाले सुरेश सिंह का शव घर के कमरे में मिला था। सुरेश 4 भाई हैं। सभी लोग अलग-अलग रहते हैं। सुरेश किसान थे। उनकी 2017 में प्रीति से शादी हुई थी।

पत्नी प्रीति ने कहा कि पति ने सुसाइड कर लिया है। सूचना पर पुलिस पहुंची। शरीर पर चोटों के निशान थे। गले में साड़ी का फंदा था। पास ही खून से सने हुए डंडे पड़े थे।

इससे पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने प्रीति को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। बाद में सुरेश के बड़े भाई सोबरन सिंह ने प्रीति और अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया।

# चोरी की घटना का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

**ललितपुर।** जाखौरा अंग्रेजी शराब की दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा पुलिस ने कर दिया है। पुलिस ने चोरी में शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी गया सामान बरामद कर लिया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी ,सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में थाना जखौरा पुलिस द्वारा थाना जखौरा पर पंजीकृत मु.अ.सं.- 0291/2025 धारा 305/317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण संतोष कुशवाहा पुत्र रामस्वरूप उम्र करीब 24 वर्ष रामसिंह



पुत्र रामप्रसाद उम्र करीब 25 वर्ष धनीराम पुत्र अजुद्दी उम्र करीब 24 वर्ष नि0गण जखौरा रोड बांसी थाना जखौरा जिला ललितपुर को श्रीराम क्रेसर ग्राम आलापुर थाना जखौरा ललितपुर से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी किये गये 6000 रुपये व 10 बियर की केन व 35 क्वार्टर को बरामद किया गया । गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा हेतु मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है ।वादी मुकदमा द्वारा थाना जखौरा पर प्रार्थना-पत्र देकर अवगत कराया था कि अभियुक्तगण द्वारा वादी की कम्पोजिट अंग्रेजी शराब/बीयर की दुकान का ताला तोड़कर दुकान से ब्लेन्डर ब्राण्ड के क्वार्टर की एक पेटी, 12 नग किंगफिशर तथा नगद रुपयो की चोरी कर लेने के सम्बन्ध में सम्बन्ध में दिया गया था। प्रार्थना-पत्र के आधार पर थाना जखौरा पर सुसंगत धाराओ में अभियोग पंजीकृत किया गया था ।घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमे गठित की गयी थी । धरातलीय सूचना, सर्विलांस व अन्य एकत्रित तकनीकी/वैज्ञानिक साक्ष्यों की मदद से अभियुक्त संतोष उपरोक्त उपरोक्त आदि तीन को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया ।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल के कठोर कारावास की सजा, चालीस हजार जुर्माना

**ललितपुर ।** पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0 लखनऊ के निर्देशन में, पुलिस अधीक्षक, ललितपुर मो0 मुश्ताक द्वारा जनपद में चिन्हित अभियोगों में अपराधियों को शीघ्र अधिक से अधिक सजा दिलाये जाने हेतु प्रभावी पैरवी के लिये सम्बन्धित थाना प्रभारी व पैरोकारों को निर्देशित किया गया था ।इसी क्रम में अभियुक्त मुरारी पुत्र ओमप्रकाश नि0 ग्राम विरधा थाना पूराकला जनपद ललितपुर के विरूद्ध थाना पूराकला पर मु0अ0सं0 49/2022 धारा 363/366/376 आईपीसी व ड पाक्सो एक्ट का अभियोग पंजीकृत हुआ था, जिसमें डेडीकेटेड टीम गठित कर वैज्ञानिक व तथ्यपरक साक्ष्यों के आधार पर समयवद्ध व गुणवत्तापूर्ण विवेचना संपादित कर अभियुक्त के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय प्रेषित किया गया था। पुलिस अधीक्षक ललितपुर द्वारा उपरोक्त प्रकरण की निरन्तर प्रभावी पैरवी करवायी गयी जिसमें थाना पूराकला पुलिस, कोर्ट पैरोकार व अभियोजन पक्ष के द्वारा अथक प्रयास एवं प्रभावी पैरवी करते हुए न्यायालय एडीजे पाक्सो द्वारा अभियुक्त मुरारी उपरोक्त को को 20 वर्ष के कठोर कारावास व 40 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है ।

## संचारी रोग नियंत्रण अभियान : वार्डो में कराई सफाई

**ललितपुर ।** संचारी रोग नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नगर पालिका की टीमों द्वारा मंगलवार को वार्डो में पहुंच फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया, साफ- सफाई की। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में वार्ड नंबर 16 आजादपुरा प्रथम व वार्ड नंबर 19 आजादपुरा द्वितीय में अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य नायकों द्वारा संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत दोनों वार्डों में फॉगिंग एवं एंटी लार्वा का छिड़काव किया गया व सफाई कर्मचारियों की टीम को लगाकर वार्डों में साफ सफाई व नालों आदि की सफाई करते हुए किनारे पर लगी झाड़ियों आदि को काटते हुए साफ सफाई व्यवस्था की गई। इस दौरान प्रभारी सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राजेश जैन द्वारा कहा कि वार्डों में खाली पड़े प्लाटों की नियमित रूप से साफ सफाई करायें व वार्डों में खाली पड़े प्लाट जिनमें जल भराव व कूड़ा आदि डाल दिया जाता है ऐसे प्लाट मालिकों को सूचित करें कि वह अपने-अपने प्लाटों में कूड़ा आदि न डालने दे और न ही इनमें जल भराव की स्थिति उत्पन्न होने दे, इसके बाद भी यदि खाली पड़े प्लाटों में कूड़े आदि पाया जाता है तो संबंधित के विरूद्ध नोटिस जारी कर जुर्माना वसूल की कार्यवाही करें।

# डीआईजी ने किया जूडो कलस्टर प्रतियोगिताओं का शुभारंभ

**ललितपुर।** झांसी जालौन पुलिस की मेजबानी में आयोजित होने वाली 28 वीं अन्तर्जनपदीय पुलिस जूडो कलस्टर प्रतियोगिता-2025 का किया गया शुभारंभ मुख्य अथिति पुलिस उपमहानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी केशव कुमार चौधरी द्वारा जनपद जालौन की मेजबानी में आयोजित होने वाली 28 वीं पुलिस अन्तरजनपदीय कानपुर जोन की पुलिस (महिला/पुरूष) जूडो कलस्टर, (जूडो, वुशू, ताइक्वान्डो, कराटे एवं पेंचक सिलेट) प्रतियोगिता-2025 का शुभारम्भ किया गया। डीआईजी द्वारा सर्वप्रथम कानपुर जोन कानपुर से आयी सभी टीमों के



कोच से मुलाकात कर परिचय प्राप्त किया तथा सभी खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुये उनका उत्साहवर्धन किया गया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गयी। उपरोक्त प्रतियोगिता में कानपुर जोन कानपुर के जनपद झाँसी, जालौन, ललितुपर, औरैया, इटावा, कन्नौज, कानपुर नगर, कानपुर देहात, फतेहगढ़ की कुल 09 टीमों द्वारा प्रतिभाग किया गया है। यह प्रतियोगिता दिनांक 08-07-2025 के प्रारम्भ होकर दिनांक 10-07-2025 तक आयोजित की जायेगी जिसमें प्रतिभागी अपने जनपद की टीम हेतु बेहतर प्रदर्शन कर प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान प्राप्त करेगें। दिनांक 10-07-2025 को खिलाडियों के उत्साहवर्धन हेतु समापन समारोह का आयोजन किया जायेगा जिसमें प्रतियोगिता में प्राप्त अंको के आधार पर विजेता खिलाडियों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जायेगा। प्रतियोगिता के शुभारम्भ अवसर पर पुलिस अधीक्षक जालौन डॉ0 दुर्गेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक प्रदीप कुमार वर्मा, क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती अर्चना सिंह, क्षेत्राधिकारी कालपी अवधेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी कोंच परमेश्वर प्रसाद , क्षेत्राधिकारी जालौन शैलेन्द्र वाजापेई सहित टीमों के कोंच आदि अन्य पुलिस अधिकारी कर्माचारीगण मौजूद रहे।

# शार्ट न्यूज

## दुष्कर्म मामले का वांछित गिरफ्तार

**ललितपुर।** बार पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में वांछित को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक, कालू सिंह एवं क्षेत्राधिकारी,तालबेहट रक्षपाल सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में वाँछित/वारण्टी की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बार पुलिस द्वारा थाना बार पर पंजीकृत मु0अ0स0- 30/2025 धारा 87/64/127(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त संतोष पाल पुत्र आशाराम पाल उम्र करीब 30 वर्ष नि0 ग्राम सन्सुवा थाना बार जनपद ललितपुर को नियमानुसार गिरफ्तार कर, आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुये, माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है ।गिरफ्तार करने वाली टीम उ.नि. रामकुमार सरोज हे.कां. योगेन्द्र सिंह कां. महीपाल कां.अनिल कुमार आदि शामिल रहे।

## गला रेतकर 11वीं के छात्र की हत्या

**सहारनपुर।** सहारनपुर में 11वीं के छात्र की गला रेतकर हत्या कर दी गई। पेट में भी चाकू घोंपने के चार निशान मिले हैं। शव गांव से लगभग एक किमी दूर खेत में पड़ा मिला है। शव से दूर चप्पल पड़े मिले हैं। उसकी साइकिल भी काफी दूर खड़ी मिली है। शव के आसपास संघर्ष के निशान भी नहीं मिले हैं इससे आशंका है कि कहीं और हत्या करके शव खेत में फेंका गया है। किशोर सोमवार शाम 6 बजे घर से किताबें लेने के लिए निकला था तभी से लापता था। परिजन देर रात से उसकी तलाश में लगे हुए थे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पूरा मामला थाना नकुड़ के गांव डालेवाला गांव का है। बेटे की हत्या की खबर मिलते ही मां बेहोश हो गई। उनको गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चार घंटे बाद भी उनको होश नहीं आया है। गांव निवासी 15 साल का किशोर प्रिंस कश्यप 11वीं का छात्र था। वह अपनी मां कांता और और 8 साल के छोटे भाई कार्तिक के साथ रहता था। दो साल पहले ही उसके पिता की हार्ट अटैक से मौत हो चुकी है।

## जेठ ने हथौड़ा मारकर बहू को मार डाला

**वाराणसी।** वाराणसी में मंगलवार को जेठ ने बहू की हथौड़ा मारकर हत्या कर दी। उसका कसूर सिर्फ इतना था कि उसने जेठ से भाई के काम में मदद करने के लिए कहा था। उसको यह बात आदेश लगी। इस पर वो गुस्सा हो गया। घर में रखे हथौड़े से 5 सेकेंड में 5 वार कर सिर कूच डाला। इसके बाद महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गई। शोर सुनकर घरवाले मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल लेकर भागे। वहां से बीएचयू अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां 6 घंटे बाद महिला ने दम तोड़ दिया। इसके बाद महिला के मायके वालों ने जेठ के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी। उस पर बेटी की हत्या का आरोप लगाया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मिर्जामुराद के आमिनी में रहने वाला हुब्बलाल प्रजापति राजमिस्त्री है। वह गांव में मकान बनाने का काम करता है। घर का प्लास्टर टूट जाने की वजह से वह काम पर नहीं गया था।

## 8 लोगों के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**प्रयागराज।** प्रयागराज में चल रही अवैध प्लाटिंग और अवैध निर्माण के खिलाफ मंगलवार को भी प्रयागराज विकास प्राधिकरण का बुलडोजर जमकर गरजा। प्राधिकरण की तरफ से झूंसी इलाके में चल रहे अवैध निर्माण और प्लाटिंग को देखते हुए पीडीए की तरफ से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई। इस मौके पर प्राधिकरण की तरफ से कुल आठ स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को खत्म किया गया। प्रयागराज विकास प्राधिकरण की तरफ से मंगलवार को हुई कार्रवाई की शुरुआत चकचुरावन से हुई। इस दौरान प्रदीप यादव, संजय पाल की तरफ से किए गए अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही आलोक मिश्रा व अन्य की तरफ से हेतापट्टी रोड पर 15 बीघा जमीन पर की जा रही अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई की गई। इलाके में ही डब्बू यादव व अन्य की तरफ से कमल्दीपुर में की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया।

## महाराजगंज में युवक की संदिग्ध मौत

**महराजगंज।** महाराजगंज के फरेंदा क्षेत्र के ग्राम डड़वार में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान संदीप (30) के रूप में हुई है। घटना मंगलवार की है। संदीप अपने पिता मरचा और भाई आनंद के साथ रहता था। आनंद प्राथमिक विद्यालय में शिक्षक हैं। परिवार में जमीन और पैसों को लेकर विवाद चल रहा था। कुछ दिन पहले बेची गई जमीन के पैसों को लेकर भी झगड़ा हुआ था। पारिवारिक कलह के कारण संदीप की पत्नी मायके चली गई थी। जब उसे किसी ने घर की स्थिति की सूचना दी तो वह ससुराल पहुंची। यहां उसने देखा कि पति का शव पड़ा है और परिवार वाले अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे हैं। शव पर चोट और घाव के निशान देखकर पत्नी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शाम 5 बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट से चलेगा। पुलिस ने मृतक के पिता मरचा और भाई आनंद को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

## आगरा में कांग्रेस करेगी नगर निगम का घेराव

**आगरा।** आगरा में कांग्रेस नगर निगम का घेराव करेगी। वॉर्ड 18 और 30 में नारकीय स्थिति देखने के बाद कांग्रेस के शहर अध्यक्ष ने कहा कि सांसद को क्या आगरा का यह हिस्सा नहीं दिखता? क्या मेयर और नगर निगम के अधिकारी कभी इस क्षेत्र में आए हैं? यहां के लोग नरक में रह रहे हैं। अब कांग्रेस पोल खोल अभियान चलाएगी। हर रोज एक वॉर्ड में जाकर वहां की स्थिति देखी जाएगी। मंगलवार को शहर अध्यक्ष अमित सिंह ने दक्षिण विधानसभा के वॉर्ड 18 और 30 का दौरा किया। बताया कि यहां नालियां घरों से ऊपर बह रही हैं। गलियों में गंदा पानी है। घरों के बाहर गंदगी बहती है। कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। प्लास्टिक इतनी है कि गाय प्लास्टिक खाती हैं। प्लास्टिक के ढेर में आग लगा दी जाती है। अमित सिंह ने सवाल उठाया कि हर साल स्मार्ट सिटी के नाम पर अरबों रुपये आते हैं। लेकिन यहां की स्थिति देखकर लगता है कि शहर को स्मार्ट सिटी नहीं नरक सिटी कहा जाए।

## यात्रा 2026 के लिए आवेदन शुरू

**गोरखपुर।** गोरखपुर में पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले इच्छुक लोगों के लिए अच्छी खबर है। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय की ओर से संचालित सेंट्रल हज कमेटी ने ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। आवेदन की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित की गई है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी के सदस्य मोहम्मद इफ्तिखार हुसैन ने दी। उन्होंने बताया कि हज यात्रा पर जाने के लिए अब कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है और हज कमेटी ऑफ इंडिया की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in या हज सुविधा मोबाइल ऐप के माध्यम से फॉर्म भरे जा सकते हैं। इफ्तिखार हुसैन ने लोगों से अपील की है कि जो भी हज यात्रा पर जाने की इच्छा रखते हैं, वे बिना देर किए फॉर्म भर दें। अंतिम दिनों में वेबसाइट पर ट्रैफिक अधिक हो जाता है, जिससे फार्म भरने में तकनीकी समस्याएं आ सकती हैं। समय पर आवेदन करने से दस्तावेज़ी प्रक्रिया और आगे की तैयारियों में सहूलियत होगी।

## शेयर-ट्रेडिंग के नाम पर 1.26 करोड़ की ठगी

**लखनऊ।** लखनऊ में साइबर ठगों ने शेयर ट्रेडिंग में निवेश के नाम पर व्यापारी समेत 2 लोगों से 1.26 करोड़ रुपए ठग लिए। पीड़ितों के मुताबिक उन्हें एक वॉट्सऐप ग्रुप पर जोड़कर लिंक डाउनलोड कराया गया। उसके बाद लिंक भेजकर एप डाउनलोड कराकर पैसे जमा कराए गए। साइबर थाना पुलिस पीड़ितों की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। बीकेटी चंद्रिका विहार कॉलोनी फेज-3 निवासी रंजू कुशवाहा ने पुलिस को बताया कि 20 मई को उनके पति मनोज कुमार के वॉट्सऐप नंबर को वीआईपी ए7 इंडियन स्टॉक मार्केट फ्रंटियर ग्रुप से जोड़ा गया। जिसके बाद अनवी, अरफी सिंह और जय कुमार वर्मा ने कॉल करके शेयर मार्केट ट्रेडिंग पर मोटे मुनाफे की बात कही। उसके बाद लिंक भेजकर अमंसा ग्रुप सर्विस डिपार्टमेंट एप डाउनलोड कराया। जिसके माध्यम से 52.45 लाख रुपए जमा कर दिए। फायदा एक करोड़ दिखने पर पैसे निकालने की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### उत्तरी इराक में गुफा में मीथेन गैस के संपर्क में आने से पांच सैनिकों की मौत

**बगदाद, एजेंसी।** उत्तरी इराक की एक गुफा में 2022 में कुर्द उग्रवादियों द्वारा मारे गए एक सैनिक के अवशेषों की रविवार को तलाश करते समय मीथेन गैस के संपर्क में आने से तुर्किये के पांच सैनिकों की मौत हो गई। तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि सैनिक एक पहाड़ी गुफा में अवशेष तलाश रहे थे, तभी 19 सैनिक मीथेन गैस के संपर्क में आ गए। यह गैस बिना रंग और गंध की होती है, ज्वलनशील होती है और ज्यादा मात्रा में होने पर दम घुटने से मौत भी हो सकती है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ''उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जिसमें से पांच जवान की मौत हो गयी।'' इसमें कहा गया, ''इलाके में बचाव अभियान जारी है।

### खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तानी तालिबान ने अर्धसैनिक बल के तीन जवानों की हत्या की

**क्वेटा, एजेंसी।** उत्तर-पश्चिमी ख़ैबर पख़्तूनख़्वा प्रांत में पाकिस्तानी तालिबान से जुड़े आतंकवादियों द्वारा कथित तौर पर दो दिनों तक बंधक बनाए रखने के बाद अर्धसैनिक बल के तीन जवानों की हत्या कर दी गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के शहजैब बेटनी समूह के आतंकवादियों ने दो दिन पहले टैंक जिले में एक यात्री वाहन से तीन निहत्थे फ्रंटियर कॉर्प्स जवानों को अगवा कर लिया। उसने बताया कि दोनों के शव लक्की मरवात जिले के पेज़ू बयाना क्षेत्र के पहाड़ी क्षेत्र में पाए गए। उनकी पहचान लांस नायक नसीम, लांस नायक मुहम्मद राशिद और सिपाही मुहम्मद शेर के रूप में हुई है।

### ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई के खिलाफ मुकदमा शुरू, कॉलेजों में फलस्तीन समर्थकों को बनाया गया निशाना

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** ट्रंप प्रशासन की एक और कार्रवाई कानूनी मामले में फंस गई है। दरअसल ट्रंप प्रशासन ने कॉलेज कैंपसेस में फलस्तीन के समर्थन में प्रदर्शन करने वाले कार्यकर्ताओं के खिलाफ कार्रवाई की थी। जिसके खिलाफ संघीय अदालत में मामला दायर किया, जिस पर संघीय अदालत ने सोमवार को सुनवाई शुरू की। यह मुकदमा कई विश्वविद्यालयों द्वारा राष्ट्रपति ट्रंप और उनके प्रशासन के कई अधिकारियों के खिलाफ दायर किया गया। वादियों का कहना है कि ट्रंप प्रशासन की कार्रवाई अमेरिकी संविधान के पहले संशोधन और प्रशासन प्रक्रिया कानून का उल्लंघन करती है। मुकदमा दायर करने वाले विश्वविद्यालयों का कहना है कि सरकार की कार्रवाई से छात्र और शिक्षक डरे हुए हैं। छात्र और शिक्षक अब राजनीतिक विरोध प्रदर्शनों से दूरी बना रहे हैं। साथ ही फलस्तीन समर्थक समूहों से भी दूर हो रहे हैं। अब छात्र कक्षाओं में भी आत्म संयम बरत रहे हैं और इस मुद्दे पर कोई बात नहीं करते। डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति बनने के बाद अमेरिका का अप्रवासन विभाग विभिन्न अमेरिकी विश्वविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय छात्रों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। ट्रंप प्रशासन का आरोप है कि फलस्तीन समर्थन के तहत कुछ छात्र हमास का समर्थन कर रहे हैं। मुकदमे में मोहम्मद खलील का भी जिक्र है, जिसे अप्रवासन विभाग ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में फलस्तीन के समर्थन में विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने पर हिरासत में ले लिया था। मोहम्मद खलील को 104 दिनों तक हिरासत में रखने के बाद बीते महीने ही रिहा किया गया है। मुकदमे में टफ्ट्स यूनिवर्सिटी की छात्रा रुमेया ओजतुर्क का भी जिक्र है, जिसे लुइसियाना के अप्रवासन विभाग के हिरासत केंद्र से मई में रिहा किया गया। रुमेया ने करीब छह हफ्ते हिरासत केंद्र में बिताए। उसे बोस्टन उपनगर में उस वक्त गिरफ्तार किया गया था, जब वह सड़क पर टहल रही थी। रुमेया का दावा है कि उसने बीते साल गाजा में इस्राइल की कार्रवाई की आलोचना करते हुए एक सह-लेख लिखा था।

### चीन में सत्ता हस्तांतरण की अटकलें तेजः शी जिनपिंग की सत्ता पर पकड़ हो रही ढीली? संगठनों को सौंप रहे अधिकार

**बीजिंग, एजेंसी।** चीन की सत्ता पर राष्ट्रपति शी जिनपिंग की पकड़ ढीली होती दिखाई दे रही है। जिनपिंग 12 साल से अधिक समय के अपने शासनकाल में पहली बार सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के प्रमुख संगठनों को अधिकार सौंप रहे हैं। इससे अटकलें लगाई जा रही हैं कि वे व्यवस्थित सत्ता हस्तांतरण के लिए आधार तैयार कर रहे हैं या संभावित सेवानिवृत्ति की तैयारी के तहत अपनी भूमिका को कम कर रहे हैं। जिनपिंग के सत्ता हस्तांतरण के बारे में अटकलें तब तेज हुईं जब सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने हाल ही में बताया कि सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना (सीपीसी) के शक्तिशाली 24 सदस्यीय राजनीतिक ब्यूरो ने 30 जून को अपनी बैठक में पार्टी के संस्थानों के काम को लेकर नए नियमों की समीक्षा की। जिनपिंग की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि ये नियम सीपीसी केंद्रीय समिति की निर्णय लेने वाली, विचार-विमर्श करने वाली व समन्वयकारी संस्थाओं की स्थापना, जिम्मेदारियों व संचालन को और अधिक मानकीकृत करेंगे। रिपोर्ट में कहा गया कि ऐसी संस्थाओं को अपने प्रमुख कार्यों के संबंध में नेतृत्व व समन्वय को लेकर अधिक प्रभावी प्रयोग करने चाहिए तथा प्रमुख कार्यों की योजना बनाने, चर्चा करने और देखरेख करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। चीन में रहने वाले एक राजनीतिक विश्लेषक ने कहा कि पार्टी के इन निकायों के लिए निर्धारित किए गए नियम जिनपिंग की सेवानिवृत्ति की तैयारी का संकेत हो सकते हैं। हांगकांग के समाचार पत्र साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट ने रविवार को विश्लेषक के हवाले से कहा, सत्ता परिवर्तन के उद्देश्य से यह महत्वपूर्ण समय है। इसलिए हो सकता है कि निकायों को विनियमित करने के लिए ये नए नियम बनाए गए हैं। हालांकि, दूसरे विशेषज्ञों का कहना है कि सीपीसी के संस्थापक माओत्से तुंग के बाद सबसे शक्तिशाली नेता माने जाने वाले जिनपिंग खुद कुछ बड़े मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने के लिए कुछ शक्तियां दूसरों को सौंप सकते हैं। जिनपिंग ने सत्ता सौंपने का कदम ऐसे समय उठाया है, जब ट्रंप ने टैरिफ युद्ध शुरू कर दिया है। चीन का अमेरिका को होने वाला 440 अरब डॉलर का निर्यात बाधित हो रहा है।

# ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर मस्क का उड़ाया मजाक

## बोले- वे पूरी तरह पटरी से उतर चुके, बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने नई पार्टी बनाने पर अरबपति कारोबारी इलॉन मस्क का मजाक उड़ाया है। ट्रम्प ने कहा कि उन्हें दुख हो रहा है कि इलॉन मस्क पूरी तरह पटरी से उतर चुके हैं और पिछले पांच हफ्तों में एक बेकाबू ट्रेन जैसे हो गए हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर ट्रम्प ने कहा कि मस्क अब अमेरिका में तीसरी राजनीतिक पार्टी शुरू करना चाहते हैं, जो इतिहास में कभी सफल नहीं रही है।

ट्रम्प ने कहा, अमेरिका की व्यवस्था ऐसी पार्टियों के लिए बनी ही नहीं है। तीसरी पार्टियों का एक ही काम होता है, अव्यवस्था और अराजकता फैलाना। और हमारे पास पहले से ही पर्याप्त अराजकता है, जिसे रैडिकल लेफ्ट डेमोक्रेट्स फैला रहे हैं। अरबपति बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने शनिवार को अमेरिका में एक नई पॉलिटिकल पार्टी बनाने का ऐलान किया। उन्होंने इसका नाम अमेरिका पार्टी रखा है।

**मस्क ने सोशल मीडिया पर पोल के बाद पार्टी बनाई :** मस्क ने अपनी सोशल पोस्ट में कहा कि आप में से 66 प्रतिशत लोग एक नई राजनीतिक पार्टी चाहते हैं और अब यह आपको मिलेगी। जब बात अमेरिका को बर्बाद करने और भ्रष्टाचार की आती है तो अमेरिका में दोनों पार्टी (रिपब्लिकन और डेमोक्रेट) एक ही जैसी हैं। अब देश को 2 पार्टी सिस्टम से आजादी मिलेगी। उन्होंने लिखा- आज अमेरिका पार्टी का गठन किया जा रहा है, ताकि आपको आपकी आजादी वापस मिल सके।÷ इसे लेकर उन्होंने एक्स पर पब्लिक पोल भी किया था।



मस्क ने 4 जुलाई को अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक्स पर एक पोल पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने पूछा था कि क्या आप दो पार्टी वाले सिस्टम से आजादी चाहते हैं? क्या हमें अमेरिका पार्टी बनानी चाहिए? पोल के नतीजों में 65.4 प्रतिशत लोगों ने ÷हां÷ और 34.6 प्रतिशत ने ÷नहीं÷ में वोट दिया।

**मस्क चुनाव नहीं लड़ सकेंगे, किंगमेकर बनना चाहते हैं :** अमेरिकी संविधान के अनुसार अमेरिका में जन्मा शख्स ही चुनाव लड़ सकता है। मस्क का जन्म दक्षिण अफ्रीका में हुआ है। ऐसे में वे अमेरिका में चुनाव नहीं लड़ सकते हैं। मस्क अपने उम्मीदवारों को मैदान में उतारेंगे। नवंबर, 2026 में हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की सभी 435 और सीनेट की 100 में से 34 सीटों पर चुनाव होंगे।

मस्क का प्लान हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की 8-10 व सीनेट की 3-4 सीटें जीतना है, जिससे ट्रम्प के बिलों पर रोक लगाकर वे किंगमेकर की भूमिका में आ सकें। मस्क ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में ट्रम्प को 2500 करोड़ रु. का चंदा दिया था। लेकिन फिर मस्क डीओजीई संस्था से अलग हुए और अब ट्रम्प के बिग ब्यूटीफुल बिल के विरोध में उतरे हुए हैं।

**अमेरिका का टू पार्टी सिस्टम क्या है? :** अमेरिका की राजनीति में बीते डेढ़ सौ साल से डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दो ही पार्टियों का दबदबा रहा है। देश में राष्ट्रपति चुनाव से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक इन दोनों दलों का वर्चस्व हैं। इस टू-पार्टी सिस्टम को अमेरिकी लोकतंत्र की स्थिरता की वजह भी माना जाता है। डेमोक्रेटिक पार्टी की शुरुआत 1828 में एंड्रू जैक्सन के दौर में हुई। यह शुरुआत में किसानों और आम जनता की पार्टी मानी जाती थी। 20वीं सदी में यह सामाजिक कल्याण, न्यू डील जैसे आर्थिक सुधारों और नागरिक अधिकारों की पैरोकार बनी।

वहीं, रिपब्लिकन पार्टी 1854 में गुलामी के विरोध में बनी और अब्राहम लिंकन इसके पहले राष्ट्रपति बने। 20वीं सदी में यह व्यापार और टैक्स कट के समर्थन वाली पार्टी बन गई।

**क्यों तीसरी पार्टी सफल नहीं हो पाई? :** अमेरिका में कई बार तीसरी पार्टियां बनाई गईं, लेकिन सफल नहीं हो सकीं। 1912 में राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट ने बुल मूस पार्टी बनाई और 88 इलेक्टोरल वोट हासिल किए। हालांकि पार्टी अगले चुनाव तक भी नहीं टिक सकी। 1992 में रॉस पेरोट ने 19 प्रतिशत पॉपुलर वोट लिए, फिर भी एक भी इलेक्टोरल वोट नहीं मिला। इन दलों को फंडिंग, संगठन और मीडिया में जगह नहीं मिलती। वोटर्स भी उन्हें वोट काटने वाला मानते हैं। यही वजह है कि लिबर्टेरियन या ग्रीन पार्टी जैसी पार्टियां अब तक राष्ट्रपति चुनाव में 3-4 प्रतिशत से ज्यादा वोट नहीं ले पाईं। अमेरिका में तीसरी पार्टी के सफल न हो पाने की बड़ी वजह इसका चुनावी सिस्टम है। यहां का चुनावी ढांचा टू पार्टी सिस्टम को सपोर्ट करता है।

### माली में अगवा हुए भारतीयों के बदले फिरौती मांग रहे अलकायदा के आतंकी

**बामाको, एजेंसी।** पश्चिम अफ्रीकी देश माली में अगवा हुए तीन भारतीयों में से एक के रिश्तेदार ने दावा किया है कि अल-कायदा से जुड़ा आतंकी संगठन उन्हें छोड़ने के बदले फिरौती मांग रहा है। उन्होंने एक बार फिर केंद्र से मामले में शीघ्र हस्तक्षेप कर उनकी रिहाई सुनिश्चित करने की अपील की। माली के विभिन्न हिस्सों में एक जुलाई को सिलसिलेवार आतंकवादी हमलों के बीच एक सीमेंट फैक्टरी से तीन भारतीयों का अपहरण हो गया था। अल-कायदा से जुड़े जमात नुसरत अल-इस्लाम वल-मुस्लिमीन (जेएनआईएम) ने बाद में इन हमलों की जिम्मेदारी ली थी।

तीन अपहृत भारतीयों में से एक ओडिशा निवासी पी वेंकटरमण के बहनाई ने शनिवार को बताया कि शुरुआत में कंपनी ने उन्हें बताया था कि आतंकवादियों ने फैक्टरी को आग के हवाले कर दिया था। इसलिए वेंकट समेत कुछ लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इसके बाद मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि आतंकवादियों ने कुछ लोगों का अपहरण कर लिया है। उन्होंने कहा, हमने इसकी पुष्टि करने के लिए कंपनी को फोन किया तो उन्होंने हमें यह सूचना लीक करने से मना कर दिया और कहा कि आतंकवादी लोगों के बदले में फिरौती मांग रहे हैं। वेंकटरमण के बहनोई ने सरकार से उनकी सुरक्षित घर वापसी अपील की है। उधर, विदेश मंत्रालय ने भारतीयों के अपहरण पर गहरी चिंता जताई है और माली के अधिकारियों से उनकी सुरक्षित और शीघ्र रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

# रूस और यूक्रेन के बीच ड्रोन हमले, हवाई यात्रा बाधित



**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन ने रविवार को एक-दूसरे पर सैकड़ों ड्रोन से हमला किया, जिससे रूसी हवाई यातायात में व्यवधान उत्पन्न हो गया। यह हमला तीन साल से अधिक पुराने युद्ध में मॉस्को द्वारा सबसे बड़ा हवाई हमला करने के कुछ दिनों बाद हुआ है।

रूस के परिवहन मंत्रालय के अनुसार, सोशल मीडिया पर प्रसारित तस्वीरों में मॉस्को और सेंट पीटर्सबर्ग सहित अन्य रूसी हवाई अड्डों पर भीड़ देखी जा सकती है, क्योंकि शनिवार और रात को यूक्रेनी ड्रोन हमलों के कारण सैकड़ों उड़ानें विलंबित या रद्द कर दी गईं।

मॉस्को के शेरेमेत्येवो और सेंट पीटर्सबर्ग के मुख्य पुलकोवो हवाई अड्डों पर उड़ानें बाधित रहीं। पश्चिमी और मध्य रूस के अन्य हवाई अड्डों पर भी उड़ानें बाधित रहीं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रूसी वायु रक्षा प्रणाली ने रात के हमलों के दौरान 120 यूक्रेनी ड्रोन को नष्ट कर दिया, और रविवार को दोपहर दो बजे से पहले 39 और ड्रोन को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि रविवार को बड़े पैमाने पर रूसी ड्रोन हमलों में कीव में तीन नागरिक और उत्तर-पूर्व में यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में कम से कम दो नागरिक घायल हो गए।

स्थानीय गवर्नर विटाली किम के अनुसार, शाहेद ड्रोन से किए गए एक बड़े रूसी हमले में मध्य यूक्रेन के माइकोलाइव में बंदरगाह के बुनियादी ढांचे को भी निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि गोदामों और बंदरगाह के बिजली ग्रिड को नुकसान पहुंचा है, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### अमेरिका के टेक्सास में बाढ़ से अबतक 80 मौतें:41 लोग लापता

# कई इलाकों में फिर से बाढ़ की चेतावनी

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिका के टेक्सास राज्य में शुक्रवार को ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से 3 दिन में 80 लोगों की मौत हो गई, जबकि 41 लापता हैं। नदी के पास लड़कियों का एक समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया। हालांकि कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचा लिया गया। टेक्सास के कई इलाकों में अभी भी हालात सामान्य नहीं हुए हैं। मौसम विभाग ने बाढ़ की चेतावनी जारी करते हुए ग्वाडालूप नदी के किनारे रहने वाले लोगों से ऊंची जगह जाने की अपील की है।



अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को टेक्सास के सैन एंटोनियो से लगभग 15 इंच (38 सेमी) तक बारिश हुई। महज 45 मिनट में नदी का लेवल 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया, जिससे घर और गाड़ियां बह गईं। हेलिकॉप्टर और ड्रोन्स से अभी लोगों की तलाश जारी है। क्कमोदी ने भी शनिवार को बाढ़ में मारे गए बच्चों की मौत पर दुख जताया और पीड़ित परिवारों के लिए संवेदनाएं व्यक्त की।

रविवार को सेंट पीटर्स स्क्वायर में अपने संबोधन के दौरान पोप लियो एक्सआईवी ने अमेरिका के टेक्सास में ग्वाडालूप नदी में आई बाढ़ के पीड़ितों के लिए प्रार्थना की। उन्होंने खासकर समर कैंप में गई लड़कियों के परिवारों के लिए प्रार्थना की। पोप ने अंग्रेजी में कहा, ÷मैं उन सभी परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करना चाहता हूं, जिन्होंने इस आपदा में अपने प्रियजनों को खोया। हम उनके लिए प्रार्थना करते हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प शुक्रवार को टेक्सास का दौरा कर सकते हैं। ट्रम्प ने कहा- हम वहां लगातार मौजूद रहेंगे। हम टेक्सास के नेताओं के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। यह एक भयानक घटना थी। हम उन सभी लोगों के लिए प्रार्थना करते हैं जिन्होंने इतना कुछ सहा है।

बारिश की वजह से नदी ने लोकल नाले और जलमार्गों को उफान पर ला दिया था, जिससे सड़कें डूब गई थीं। ट्रेलर और वाहन बह गए। सैन एंटोनियो की इमरजेंसी टीमों ने हेलिकॉप्टर और ड्रोन के जरिए तलाश और बचाव कार्य शुरू किया। इलाके में मौजूद लोगों ने लोकल मीडिया को बताया कि बाढ़ का पानी अचानक आया और उन्हें पेड़ों पर चढ़कर जान बचानी पड़ी। बाढ़ की वजह से बिजली लाइनें गिर गईं और कर्विल के आसपास के इलाकों में लगभग 2,600 घरों की बिजली गुल हो गई थी।

# बिलावल पर भड़का आतंकी हाफिज सईद का बेटा, कहा- उन्होंने पाकिस्तान की बेइज्जती कराई, बिलावल बोले थे- सईद को भारत प्रत्यर्पित करने को तैयार

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** हाफिज सईद के बेटे तलहा सईद ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो पर पाकिस्तान को ग्लोबल लेवल पर बेइज्जत करने का आरोप लगाया। दरअसल, बिलावल ने दो दिन पहले कहा था कि पाकिस्तान हाफिज सईद और मसूद अजहर को भारत को सौंपने के लिए तैयार है, बशर्ते भारत इस प्रोसेस में सहयोग करे। तलहा ने कहा कि बिलावल का यह बयान पाकिस्तान की पॉलिसी, राष्ट्रीय हित और संप्रभुता के खिलाफ है। उन्होंने कहा- क्या कोई नेता अपने नागरिकों को दुश्मन देश को सौंपने की बात कर सकता है? तलहा जो खुद एक ग्लोबल आतंकी है उसने अपने पिता का बचाव करते हुए कहा- हाफिज सईद का कोई भी काम पाकिस्तान के खिलाफ नहीं है। बिलावल का बयान पाकिस्तान की इमेज को ग्लोबल लेवल पर बदनाम करने वाला है।



**हाफिज सईद 33 साल की सजा काट रहा है :** पाकिस्तान की नेशनल काउंटर टेररिज्म अथॉरिटी के मुताबिक, पाकिस्तान ने लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को बैन कर रखा है।

हाफिज सईद को लश्कर-ए-तैयबा का मुख्य चेहरा माना जाता है। वह 26/11 मुंबई हमले का मास्टरमाइंड है। हाफिज सईद 2019 से लाहौर की कोट लखपत जेल में टेरर फंडिंग के लिए 33 साल की सजा काट रहा है, जबकि ग्लोबल आतंकवादी मसूद अजहर पर भी प्रतिबंधित लगाया गया है।

हाफिज सईद और मसूद अजहर के ठिकाने के बारे में पूछे जाने पर बिलावल ने दावा किया था कि हाफिज सईद जेल में है, जबकि मसूद अजहर के बारे में कोई जानकारी नहीं है शायद वह अफगानिस्तान में है।

अल जजीरा को दिए एक इंटरव्यू में बिलावल ने कहा- अगर भारत यह जानकारी दे कि अजहर पाकिस्तान में हैं, तो पाकिस्तान को उसे गिरफ्तार करने में खुशी होगी। मसूद अजहर भारत में 2001 के संसद हमले, 26/11 मुंबई हमले, 2016 के पठानकोट हमले और 2019 के पुलवामा हमले जैसे आतंकी हमलों में शामिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र ने उसे 2019 में ग्लोबल टेररिस्ट घोषित किया था।

**ऑपरेशन सिंदूर में मारा गया था अजहर का परिवार :** बिलावल का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब दो महीने पहले भारत ने ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। इस हमले में मसूद अजहर के परिवार के 10 सदस्य और 4 सहयोगी मारे गए थे।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मसूद अजहर ने इसके बाद बयान जारी कर कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मरने वालों में उसकी बड़ी बहन और उसका पति, मसूद अजहर का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल थे। बयान में यह भी कहा गया है कि आतंकी मसूद के तीन करीबी सहयोगी भी मारे गए थे। इनके अलावा एक सहयोगी की मां की मौत भी हुई थी।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच यमन में इस्राइल का हवाई हमला, हूती विद्रोहियों का पलटवार

**दुबई, एजेंसी।** इस्राइल ने अब ईरान का साथ देने वाले हूती विद्रोहियों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। इस्राइली सेना ने सोमवार सुबह यमन में हवाई हमला किया। इस्राइली सेना ने यमन में हूती विद्रोहियों के ठिकानों, बंदरगाह और अन्य स्थानों पर मिसाइल दागी। जवाब में हूती विद्रोहियों ने भी इस्राइल पर मिसाइल हमला किया।

इस्राइल ने हमला हूतियों के लाल सागर में एक जहाज पर किए गए संदिग्ध हमले के बाद किया। हूतियों के हमले के बाद जहाज में आग लग गई और वह पानी में डूब गया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने हूतियों के कब्जे वाले होदेदा, रास ईसा और सालिफ बंदरगाहों पर हमला किया। सेना ने कहा कि इन बंदरगाहों का उपयोग हूती आतंकवादी ईरानी शासन से हथियारों को स्थानांतरित करने के लिए करते हैं। इन हथियारों का उपयोग बाद में इस्राइल और उसके सहयोगियों के खिलाफ आतंकी अभियान चलाने के लिए किया जाता है।



इस्राइली सेना ने कहा कि उसने गैलेक्सी लीडर नामक वाहन पर हमला किया, जिसे हूतियों ने नवंबर 2023 में जब्त कर लिया था। जब उन्होंने इस्राइल-हमास युद्ध को लेकर लाल सागर गलियारे में अपने हमले शुरू किए थे। हूतियों ने जहाज पर एक रडार प्रणाली स्थापित की है और इसका उपयोग वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में जहाजों पर नजर रखने के लिए कर रहे हैं, ताकि आगे की आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा सके।

**इस्राइल के रक्षा मंत्री ने दी धमकी :** इस्राइल के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज़ ने आगे भी हमले की धमकी दी। काट्ज ने कहा कि जो ईरान के लिए सच है, वही यमन के लिए भी सच है। जो कोई भी इस्राइल के खिलाफ हाथ उठाएगा, उसका हाथ काट दिया जाएगा। हूतियों को अपने कामों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।

इसके बाद हूतियों ने इस्राइल पर मिसाइल हमला किया। इस्राइली सेना ने कहा कि उसने मिसाइल को रोकने की कोशिश की, लेकिन कोशिश सफल न हुई। हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। वहीं हूतियों ने इस्राइली हमलों की बात स्वीकार की, लेकिन नुकसान की जानकारी नहीं दी। हूतियों के सैन्य प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल याह्या सारी ने दावा किया कि उनके वायु रक्षा बलों ने इस्राइलियों का बेहतर तरीके से सामना किया।

**हूती विद्रोही लाल सागर में लगातार कर रहे हमले :** यमन के हूती विद्रोही पिछले कई महीनों से इस क्षेत्र में वाणिज्यिक और सैन्य जहाजों को निशाना बना रहे हैं। उनका दावा है कि वे गाजा में इस्राइल के हमले के विरोध में ऐसा कर रहे हैं। एक जानकारी के मुताबिक, नवंबर 2023 से जनवरी 2025 तक हूतियों ने 100 से ज्यादा जहाजों पर मिसाइल और ड्रोन से हमले किए। इनमें से दो जहाज डूब गए और चार नाविकों की मौत हुई। इस कारण लाल सागर के व्यापार मार्ग पर असर पड़ा, जहां हर साल लगभग 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार होता है।

**हूतियों की स्थिति, यमन में गृहयुद्ध :** बता दें कि, मार्च 2025 में अमेरिका ने हूती ठिकानों पर बड़ा हवाई हमला किया था, जिसके बाद हूतियों ने अपनी खुद के घोषित संघर्ष विराम को तोड़ दिया। हालांकि इसके बाद से उन्होंने सीधे किसी जहाज को नहीं निशाना बनाया, लेकिन इस्राइल की ओर मिसाइलें दागी जाती रही हैं। उधर, यमन में पिछले 10 वर्षों से चल रहा गृहयुद्ध- हूती विद्रोहियों और निर्वासित यमनी सरकार के बीच- अब भी सऊदी नेतृत्व वाले गठबंधन के समर्थन से जारी है। लेकिन युद्ध एक तरह के जमीनी गतिरोध में फंसा हुआ है।

### नेपालः मादक पदार्थ तस्करी में दो भारतीय और दो नेपाली गिरफ्तार

**काठमांडू, एजेंसी।** नेपाल में मादक पदार्थ की तस्करी करने की दो अलग-अलग घटनाओं में भारत के दो नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि रविवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर बिहार की 45-वर्षीय एक भारतीय महिला और पूर्वी नेपाल के मोरंग जिले के दो नेपाली नागरिकों को प्रतिबंधित सामग्री के साथ गिरफ्तार किया गया।

नेपाल पुलिस के 'नारकोटिक ड्रग्स कंट्रोल ब्यूरो' के अनुसार, आरोपियों की पहचान भारतीय महिला हसीना खातून के रूप में हुई है। वहीं, नेपाल के नागरिकों की पहचान 38 वर्षीय सुशील बुधाथोकी और 54 वर्षीय कृत्यानंद ठाकुर के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि वे 400 ग्राम ब्राउन हेरोइन ले जा रहे थे और उन्हें मोरांग जिले के रंगेली नगर पालिका से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने छापेमारी के दौरान तीनों को पकड़ने के लिए गोलियां चलाईं और उन्हें गिरफ्तार करने के बाद मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है।

# विश्व मंच पर भारत का परचम लहराया

## वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स में उत्तर प्रदेश पुलिस के दो अफसरों की ऐतिहासिक जीत



**विशेष संवाददाता । विशाल इंडिया हिंदी दैनिक**

नई दिल्ली/लॉस एंजेलेस। भारत के लिए गर्व और उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए गौरव का दिन — जब दो जांबाज़ अधिकारियों ने अमेरिका की धरती पर तिरंगा लहराकर पूरे देश का मान बढ़ा दिया। वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स 2025 में आदित्य कुमार और वरुण बालियान ने स्वर्ण और रजत पदक जीतकर भारत और यूपी पुलिस को वैश्विक मंच पर गौरवान्वित किया।

### स्वर्ण पदक विजेता — आदित्य कुमार

- पद : स्पोर्ट्स ऑफिसर, ऑल इंडिया स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड, दिल्ली
- मूल निवासी : गांव ककराला, मुजफ्फरनगर, उत्तर प्रदेश
- विजय : 4500 मीटर दौड़ और पिस्टल फायरिंग के बायथलॉन इवेंट में स्वर्ण पदक

आदित्य कुमार भारत के उन चुनिंदा खिलाड़ियों में हैं जिन्होंने कड़ी प्रतिस्पर्धा में शानदार प्रदर्शन किया। उनके गांव ककराला में उत्सव का माहौल है, जहां उन्हें एक 'सुपर एथलीट' के रूप में जाना जाता है।

### रजत पदक विजेता — वरुण बालियान

- पद : डिप्टी एसपी, उत्तर प्रदेश पुलिस
- मूल निवासी : गांव बिसारा, अलीगढ़, यूपी। वर्तमान में पोस्टिंग : प्रयागराज
- विजय : बायथलॉन और पिस्टल फायरिंग में रजत पदक

वरुण बालियान न केवल एक उत्कृष्ट पुलिस अधिकारी हैं, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा भी हैं।

2016-17 में फरीदाबाद से दरोगा बनने की तैयारी शुरू की थी, लेकिन सिद्दत से पढ़ाई करते हुए उन्होंने दरोगा के लक्ष्य को पार करते हुए 2018 में सीधे DySP बनकर 13वीं रैंक प्राप्त की।

उनके पिता श्री गजेन्द्र सिंह एक सम्मानित व्यक्ति हैं और पूरा परिवार पुलिस सेवा से जुड़ा हुआ है। भाई अनुज चौधरी पूर्व एसएसपी गाजियाबाद के ऑफिस में तैनात रह चुके हैं और वर्तमान में साइबर सेल में सेवाएं दे रहे हैं।

### वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स — एक वैश्विक मंच

- प्रतियोगिता में 17000+ प्रतिभागियों ने विश्व भर की पुलिस व फायर फोर्स से हिस्सा लिया।
- भारत से 273 पुलिस अधिकारी विभिन्न खेलों में शामिल हुए और कई पदकों के साथ वापसी कर रहे हैं।
- यह प्रतियोगिता सिर्फ खेल नहीं, बल्कि दुनिया भर की कानून-व्यवस्था में लगे अधिकारियों की मानसिक और शारीरिक क्षमता का प्रदर्शन है।

### जल्द लौटेंगे भारत

दोनों अधिकारी अमेरिका से लौटने वाले हैं और भारत की पवित्र धरती पर कदम रखते ही उनके स्वागत में उनके गांवों में जश्न का आयोजन होगा। उत्तर प्रदेश पुलिस और भारत सरकार भी उन्हें सम्मानित करने की तैयारी में है।




वरुण बालियान

**बधाई संदेश**

भारत, उत्तर प्रदेश और विशेषकर मुजफ्फरनगर और अलीगढ़ के लोग आज गर्व से फूले नहीं समा रहे। दोनों अधिकारियों को देशभर से शुभकामनाएं मिल रही हैं।

विशाल इंडिया परिवार की ओर से भी आदित्य कुमार और वरुण बालियान को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं।

# वोक्स का सर्वश्रेष्ठ बीत चुका है, क्रॉली में सीखने की क्षमता नहीं, दूसरे टेस्ट में हार के बाद भड़के पूर्व कप्तान



**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ज्योफ्री बॉयकॉट ने क्रिस वोक्स और जैक क्रॉली की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के पहले दो मैच में खराब प्रदर्शन के लिए कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाज का सर्वश्रेष्ठ समय भी चुका है जबकि सलामी बल्लेबाज में अपनी गलतियों से सीखने की क्षमता नहीं है। वोक्स ने अभी तक 59 टेस्ट मैच खेले हैं और वह इंग्लैंड के आक्रमण में सबसे अनुभवी गेंदबाज हैं। इस तेज गेंदबाज ने दो मैचों में 82 ओवर फेंके और 290 रन देकर केवल तीन विकेट लिए। उन्होंने जिन तीन पारियों में बल्लेबाजी की, उनमें उन्होंने 50 रन बनाए और उनका सर्वोच्च स्कोर 38 रन है। बॉयकॉट ने अपने कॉलम में लिखा, 'जब खिलाड़ी का सर्वश्रेष्ठ समय बीत जाता है तो वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाता और ऐसे खिलाड़ियों को टीम में रखने से प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। क्रिस वोक्स को देखिए। उम्र बढ़ने के साथ-साथ उनकी गति कम होती जा रही है, जैसा कि आप उम्मीद कर सकते हैं। वह विदेश में कभी भी विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं रहे हैं, जहां उनका रिकॉर्ड खराब है। इंग्लैंड में उनका प्रदर्शन अच्छा रहा है और जब बल्लेबाज विफल रहते हैं तो उनसे रन बनाने की उम्मीद की जाती है लेकिन उनका मुख्य कौशल गेंदबाजी है और उनका काम विकेट लेना है।' क्रॉली के मामले में बॉयकॉट ने कहा कि यह सलामी बल्लेबाज इससे बेहतर नहीं हो सकता। क्रॉली ने भारत के खिलाफ अब तक चार पारियों में एक अर्धशतक लगाया है। बॉयकॉट ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि वह बदल सकते हैं या बेहतर हो सकते हैं। बल्लेबाजी दिमाग में होती है और दिमाग ही तय करता है कि आप बल्लेबाजी कैसे करेंगे, आप कौन से शॉट खेलने की कोशिश करेंगे, कौन सी गेंदें छोड़ेंगे। तकनीक और सोच में उनकी खामियां गहरी हैं।'

# आईपीएल की वेल्यू ने लगाई लंबी छलांग, आरसीबी को हुआ तगड़ा मुनाफा

मुंबई। दुनिया की सबसे महंगी और बड़ी टी-20 लीग इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कुल ब्रांड वैल्यू पिछले वर्ष की तुलना में 12.9 प्रतिशत बढ़कर 18.5 अरब डॉलर (लगभग 1,58,000 करोड़ रुपये) हो गई हैं। वहीं आईपीएल की स्टैंडअलोन वैल्यू 13.8 प्रतिशत बढ़कर 3.9 अरब डॉलर (33,459 करोड़ रुपये) है।

इन्वेस्टमेंट बैंक होलुहान लोकी की रिपोर्ट के अनुसार, 18 साल बाद पहली बार आईपीएल का खिताब जीतने वाली आरसीबी अब सबसे मूल्यवान फ्रेंचाइजी बन गई है। आरसीबी ने चेन्नई सुपरकिंग्स को पीछे छोड़ा। लंबे समय तक शीर्ष पर रहने वाली सीएसके अब तीसरे नंबर पर खिसक गई है। आरसीबी की वेल्यू इस समय 2300 करोड़ रुपये है तो वहीं




मुंबई इंडियंस की कीमत 2076 करोड़ रुपये। चेन्नई सुपरकिंग्स 2016 करोड़ रुपये के साथ तीसरे नंबर पर हैं। कोलकाता नाइटराइडर्स 1947 करोड़ रुपये के साथ चौथे नंबर पर है। सनराइजर्स हैदराबाद के वेल्यू 1321 करोड़ रुपये है।

### पंजाब किंग्स की जबरदस्त छलांग

पंजाब किंग्स ने 2025 में 39.6 प्रतिशत की सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। नए कप्तान श्रेयस अय्यर के नेतृत्व में रनर-अप बनने के बाद इसकी वैल्यू 141 मिलियन डॉलर (1210 करोड़ रुपये) तक पहुंच गई और टीम नौवें स्थान पर रही। पंजाब के सीईओ ने कहा, हम अब खुद को सिर्फ एक क्रिकेट टीम नहीं, बल्कि एक मल्टी वर्टिकल मीडिया स्पोर्ट ब्रांड के रूप में देखते हैं। यहीं से असली मुनाफा निकलता है।

### टाटा ने बढ़ाया टाइटल स्पांसरशिप करार

रिपोर्ट के अनुसार, टाटा ग्रुप ने 2028 तक के लिए 300 मिलियन डॉलर का टाइटल स्पांसरशिप करार बढ़ाया है। इसके अलावा, माई11सर्किल, एंजल वन, रूपे, और सीएट को दी गई चार असोसिएट स्पांसरशिप स्लाट्स की बिक्री में 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जो अब 1,485 करोड़ रुपये तक पहुंच चुकी है।

# कुसल मेंडिस के शतक के बाद श्रीलंकाई गेंदबाजों ने बरपाया कहर

नई दिल्ली। कुसल मेंडिस के शानदार 124 रनों के बाद गेंदबाजों के दमदार खेल के दम पर श्रीलंका ने पल्लेकल में खेले गए तीसरे वनडे मैच में बांग्लादेश को 99 रनों से हरा दिया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 285 रन बनाए। बांग्लादेश की टीम 39.4 ओवरों में 186 रनों पर ही सिमट गई।

मेंडिस ने इस मैच में 114 गेंदों का सामना करते हुए 18 चौकों की मदद से शतकीय पारी खेली। उनके अलावा कप्तान चरिथा असालंका ने अर्धशतकीय पारी खेली जिसमें उन्होंने 68 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से 58 रनों की पारी खेली। बांग्लादेश के लिए सबसे ज्यादा 51 रन तौहिद ह्दोय ने बनाए।

बांग्लादेश को इस मैच में अच्छी शुरुआत नहीं मिली। तंजीद हसन को आशिता फर्नाडो ने 19 रनों के कुल स्कोर पर आउट कर दिया। हसन ने 13 गेंदों पर 17 रन बनाए। यहां से विकेटों का जो सिलसिला शुरू हुआ वो 40वें ओवर की चौथी गेंद पर जाकर रुका।

हसन के जाने के एक रन बाद दुश्मंथा चामीरा बिना खाता खोले आउट हो गए। तौहिद ने फिर परवेज हुसैन इमोन को दुनिथ वेलालेगे ने आउट कर दिया। उन्होंने 28 रन बनाए। कप्तान मेहेदी हसन मिराज 28 रन बनाकर आउट हो गए।

बांग्लादेश की टीम ने काफी कोशिश की कि विकेट बचें और वापसी की जाए, लेकिन ये संभव नहीं हो सका।

# क्या आईसीसी वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप में पीसीबी को जगह मिलेगी?

दुबई ।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की योजना विश्व की लोकप्रिय टी20 क्रिकेट लीग की टीमों के बीच वर्ल्ड क्लब्स टी20 चैंपियनशिप का आयोजन करना है। इसमें पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) को शायद ही शामिल किया जाये। इसका कारण ये है कि इस इवेंट के लिए हुई बैठक में पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपना प्रतिनिधि नहीं भेजा था जबकि उसे आमंत्रण दिया गया था जिसके बाद से ही आईसीसी उससे नाराज है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड द्वारा आयोजन इस बैठक में प्रमुख टी20 फ्रेंचाइजी-आधारित लीगों के सीईओ शामिल हुए थे। इस , फ्रबैठक में प्रस्तावित वर्ल्ड क्लब्स चैंपियनशिप, इसकी विंडो, फॉर्मेट, शेड्यूल आदि पर बात हुई थी। इसमें एमिरेट्स लीग, बिग बैश लीग, द हंड्रेड, एस20, एलएलसी, कैरेबियन प्रीमियर लीग आदि के सीईओ शामिल हुए थे। शुरुआत में वर्ल्ड क्लब्स इवेंट में पांच टीमें होंगी हालांकि इसमें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की कोई टीम भाग नहीं लेगी पर उसे पीएसएल का समर्थन रहेगा। वर्ल्ड क्लब्स चैंपियनशिप को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है जिससे कि प्रस्तावित सऊदी क्रिकेट लीग का मुकाबला किया जा सके। सऊदी लीग को 400 मिलियन डॉलर की के साथ निजी निवेशक शुरु करने का प्रयास कर रहे हैं। वे हर साल टेनिस ग्रैंड स्लैम इवेंट्स की तर्ज पर अपनी लीग को आयोजित करना चाहते है।

# क्रिकेटर यश दयाल की मुश्किलें बढ़ीं, शारीरिक शोषण मामले में एफआईआर दर्ज



गाजियाबाद ।ऑयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की ओर से खेलने वाले क्रिकेटर यश दयाल की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। यश पर शादी का वादा कर धोखाधड़ी करने के साथ ही मानसिक और शारीरिक शोषण आरोप में एफआईआर दर्ज की गयी है। यह एफआईआर कराने वाली पीड़िता का आरोप है कि यश ने शादी का झांसा देकर उसका शोषण किया है। इस युवती ने यश के खिलाफ पिछले दिनों ऑनलाइन शिकायत की थी। वहीं यश दयाल के परिवार ने इसे साजिश बताया था। अब इस मामले में एफआईआर भी दर्ज की गई है। यश के खिलाफ इंदिरापुरम थाने में बीएनएस की धारा 69 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। यह गैरजमानती धारा है। वहीं अगर यश दयाल दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें 10 साल तक की सजा हो सकती है. पीड़ित युवती के अनुसार वह पांच साल पहले सोशल मीडिया के जरिए यश दयाल के संपर्क में आई थी। शुरुआती दोस्ती बाद में प्रेम में बदल गई। तब यश दयाल ने शादी का भरोसा दिलाया और दोनो लंबे समय तक रिलेशनशिप में रहे। इस दौरान यश उसे कई जगहों पर ले गये जिसके सबूत भी पीड़िता ने पुलिस को सौंपे हैं।

# जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मातिगिमु पर खतरनाक खेल के लिए जुर्माना लगा, डिमेरिट अंक भी मिला

**बुलावायो (एजेंसी)।** जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज कुंदई मातिगिमु पर यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन 'अनुचित और खतरनाक' तरीके से गेंद फेंकने के लिए मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और एक डिमेरिट अंक दिया गया। यह घटना दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 72वें ओवर के दौरान हुई जब मातिगिमु ने गेंदबाजी करने के बाद वापसी आई गेंद को रोका और बल्लेबाज लुआन डि प्रीटोरियस की ओर फेंका जो उनकी कलाई पर लगी।

मातिगिमु ने खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम



2.9 का उल्लंघन किया। आईसीसी ने मीडिया विज्ञप्ति में कहा कि यह 'अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने' से संबंधित है। इस तेज गेंदबाज ने अपराध और मैच रेफरी रंजन मदुगले द्वारा प्रस्तावित सजा को स्वीकार कर लिया जिससे औपचारिक सुनवाई नहीं हुई।

यह 24 महीने की अवधि में जिम्बाब्वे के इस तेज गेंदबाज का पहला अपराध था। दक्षिण अफ्रीका ने कप्तान वियान मुल्डर के नाबाद 367 रन की बदौलत पहली पारी पांच विकेट पर 626 रन बनाकर घोषित की। जिम्बाब्वे को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा और उस पर पारी की हार का खतरा मंडरा रहा है।

# सौरव गांगुली के जन्मदिन पर बीसीसीआई ने दी शुभकामनाएं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली मंगलवार को 53 साल के हो गए हैं। इस मौके पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अपने पूर्व अध्यक्ष को बधाई देते हुए उनके आंकड़ों पर प्रकाश डाला है। बीसीसीआई ने 'एक्स' पर लिखा, '424 अंतरराष्ट्रीय मैच, 18,575 अंतरराष्ट्रीय रन, 38 अंतरराष्ट्रीय शतक। टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।' इसका जवाब देते हुए सौरव गांगुली ने लिखा,



'धन्यवाद बीसीसीआई। दुनिया का सबसे बेहतरीन खेल संगठन।' साल 1992 के 'बेन्सन एंड हेजेस वर्ल्ड सीरीज' में वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय मैच में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने के बाद, गांगुली ने 16 वर्षों तक देश की सेवा की। बीसीसीआई ने सौरव गांगुली से जुड़े जिन आंकड़ों को साझा किया है, वह बेहद खास हैं। आइए, इसे विस्तार से समझते हैं। सौरव गांगुली ने भारत के लिए 113 टेस्ट और 311 वनडे मैच खेले। गांगुली को भारत के सबसे महान कप्तान और बाएं हाथ के बल्लेबाजों में गिना जाता है, खासकर वनडे में उनका रिकॉर्ड शानदार है। जनवरी 1992 में वनडे करियर की शुरुआत करने वाले गांगुली ने 300 पारियों में 41.02 की औसत के साथ 11,363 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से 22 शतक और 72 अर्धशतक आए। इस फॉर्मेट में 'दादा' का सर्वोच्च स्कोर 183 रन है। वनडे करियर की शुरुआत के करीब चार साल बाद गांगुली को टेस्ट में भी डेब्यू का मौका मिला। उन्होंने इस फॉर्मेट में 188 पारियां खेलीं, जिसमें 42.17 की औसत के साथ 7,212 रन जड़े। इस दौरान 16 शतक और 35 अर्धशतक देखने को मिले।

# सीसीएल चैंपियंस 'पंजाब दे शेर' को पंजाब के राज्यपाल ने किया सम्मानित




चंडीगढ़ ।फिलमी सितारों और कॉर्पोरेट उत्कृष्टता का शानदार संगम देखने को मिला जब सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग (सी.सी.एल.) सीजन- 11 की विजेता टीम 'पंजाब दे शेर' को पंजाब एंजेल्स नेटवर्क द्वारा आयोजित भव्य समारोह 'ए नाइट विद द चैंपियंस' में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब के राज्यपाल एवं यूटी प्रशासक श्री गुलाब चंद कटारिया थे। इस कार्यक्रम में राज्य की प्रतिष्ठित हस्तियों जिनमें वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, उद्योगपति, प्रसिद्ध कलाकार और खेल प्रेमी शामिल हुए। फिलमी सितारों से सजी शाम कार्यक्रम में टीम के मालिक पुनीत सिंह, नवराज हंस और करन गिल्होत्रा, हंसराज हंस और जस्पिंदर नरूला और कई लोकप्रिय सितारे जैसे अपारशक्ति खुराना, ऐमी विर्क, बिन्नू ढिल्लों, हार्डी संधू, मीट ब्रदर्स के मनमीत सिंह, सुय्यश राय, अनुज खुराना, राहुल जेटली, मयूर मेहता, बलराज सयाल, गवी चहल, दक्ष, गुलजार, निंजा, जस्सी गिल, बबल राय, युवराज हंस सहित अन्य कई जाने-माने चेहरों ने भाग लिया। 'पंजाब दे शेर' की विजयी कहानी पंजाब दे शेर ने फाइनल मुकाबले में चेन्नई राइनोज़ को 8 विकेट से हराकर सी. सी. एल. 11 का खिताब जीता। टीम के कप्तान हार्डी संधू के नेतृत्व में पूरे टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने विजेता टीम को बधाई दी। इस मौके पुनीत सिंह, टीम मालिक ने कहा कि यह जीत केवल टीम की नहीं, बल्कि उन सभी प्रशंसकों की है जिन्होंने हर मैच में हमारा हौसला बढ़ाया।

# पिता और भाई की मौत से टूट गए थे आकाश दीप, बड़ी बहन के योगदान ने बनाया मैच विजेता क्रिकेटर

**कोलकाता (एजेंसी)।** इंग्लैंड के खिलाफ एजबेस्टन मैदान पर खेले गए टेस्ट मैच के भारतीय नायक आकाश दीप के क्रिकेटर बनने में उनकी बहन अखंड ज्योति का बड़ा योगदान रहा है जो खुद अब कोलोन कैंसर के तीसरे चरण से जूझ रही हैं। आकाश दीप ने 2015 में छह महीने के अंतराल में अपने पिता रामजी सिंह और अपने सबसे बड़े भाई को खो दिया था तब उनके क्रिकेट करियर पर संकट छा गया था। निराशा के उस क्षण में अखंड ज्योति ने अपने सबसे छोटे भाई के सपने को पूरा करने के लिए लगातार प्रेरित किया। उस समय उनकी बहन ने कहा था, 'इसी फील्ड (क्षेत्र) में आगे बढ़ो।'

इस वाक्ये के कई साल के बाद उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 10 विकेट लेकर भारत की ऐतिहासिक जीत की नींव रखी। इस तेज गेंदबाज ने अपने प्रदर्शन को मैच के बाद भावुक होकर अपनी बहन को समर्पित किया। आकाश दीप ने मैच की पहली पारी में 88 रन देकर चार विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 99 रन देकर छह विकेट लेकर अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। उनके इस प्रदर्शन से भारत ने 336 रन की जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर किया।

आकाश दीप के इस प्रदर्शन के पीछे एक भावुक कहानी छिपी है। अखंड ज्योति 14 मई को कोलन कैंसर की सर्जरी करवाने के बाद अब कीमोथेरेपी पर हैं। ज्योति के पति नितेश कुमार सिंह सेना से रिटायर हैं और अब बैंक में काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया, 'यह पूरे परिवार के लिए गर्व की बात है। पिता की मृत्यु के बाद आकाश दिल्ली में क्लब क्रिकेट खेल रहे थे लेकिन उन्हें वह सफलता नहीं मिल रही थी।' यह ज्योति ही थीं जिन्होंने उनसे कहा, 'इसे गंभीरता से लो। अगर जरूरत पड़े तो कहीं और जाओ और इस सपने को पूरा करो।'

उन्होंने कहा, 'वह 2017 में कोलकाता चले गए और फिर बंगाल अंडर-23 के लिए चुने गए। उन्होंने फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा।' यहीं से उनकी जिंदगी शुरू हुई। परिवार ने आर्थिक तंगी के बावजूद कभी आकाश दीप पर भरोसा करना कम नहीं किया। ज्योति आकाश दीप से 10 साल बड़ी है। पिता तथा भाई की मौत के बाद आकाश का अपनी बहन के साथ रिश्ता और भी गहरा हो गया। नितेश ने कहा, 'वे सब कुछ साझा करते हैं। बात चाहे कोई फैसला लेने की हो, चुटकुले हो या ताने मारना हो। वे हमेशा एक-दूसरे को आगे बढ़ाने में मदद करते हैं।'

कीमोथेरेपी के दौरान भी अखंड ज्योति ने सुनिश्चित किया कि उसका भाई खेल पर ध्यान केंद्रित रखे। इंग्लैंड दौरे से पहले परिवार आकाश को छोड़ने के लिए हवाई अड्डे गया जहां उसकी बहन ने उससे कहा कि वह उसके स्वास्थ्य के बारे में चिंता न करे और देश के लिए अच्छा खेलने पर ध्यान केंद्रित करे। उन्होंने बताया कि वह हर दिन अपने भाई से बात करती है। सिंह ने कहा, 'मैच खत्म होने के तुरंत बाद आकाश दीप का फोन आया और उन्होंने उससे वीडियो कॉल पर बात की। हम कल रात लगभग दो बजे सोए।' नितेश ने कहा कि जब भी आकाश विकेट लेता है तो ज्योति को बहुत खुशी होती है और परिवार इतनी जोर से ताली बजाता है और खुशी मनाता है कि उनके पड़ोसी भी पूछते हैं कि क्या हुआ है।



आकाश दीप ने अपनी बहन के साथ अपने पैतृक गांव और जिले को भी खुशी मनाने का मौका दिया। उन्होंने अपने चचेरे भाई बैभव कुमार के साथ सासाराम में आकाश बैभव क्रिकेट अकादमी की स्थापना की। इस अकादमी में अभी 200 से अधिक खिलाड़ी प्रशिक्षण लेते है। बैभव ने कहा, 'इतने सारे संघर्षों को देखने के बाद आकाश हमेशा समाज को कुछ वापस देना चाहता था। हमारी अकादमी में सभी सुविधाएं (बॉलिंग मशीन, फ्लडलाइट्स, नेट) हैं। हम बहुत कम कीमत पर यह सुविधाएं मुहैया कराते है ताकि मध्यम और निम्न आय वाले परिवारों के बच्चों को भी अपने सपने को साकार करने का मौका मिले।' उनके गांव बद्दी में मैच के बाद से जश्न जारी है। बैभव ने कहा, 'हम नाच रहे हैं, मिठाइयां बांट रहे हैं। यह यहां बहुत से लोगों को प्रेरित करेगा।'

# विराट की तरह ही हैं शुभमन के आंकड़े

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल की तुलना पदार्पण के बाद से ही अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से होती रही है। प्रशंसकों का मानना है कि वह विराट जैसे बल्लेबाज हैं। शुभमन ने इंग्लैंड के खिलाफ शुरुआती दो टेस्ट मैचों में शतक लगाये हैं। पहली बार इंग्लैंड में सीरीज खेल रहे गिल इस समय कोहली की तरह ही प्रदर्शन करते दिख रहे हैं। शुभमन ने अब तक 139 अंतरराष्ट्रीय पारियां खेली हैं जिसमें उनके आंकडे विराट के आसपास हैं। 25 साल के शुभमन ने 139 इंटरनेशनल पारियों के बाद 5831 रन बनाए हैं। इस दौरान उनका बल्लेबाजी औसत 47.02 रन रहा है। उन्होंने 17 शतक लगाये हैं। वहीं कोहली ने अपनी शुरुआती 139 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 45.98 के औसत से 17 शतक के साथ ही 5610 रन बनाए थे। इससे अंदाजा होता है कि दोनों के बीच कड़ा मुकाबला रहा है। रनों के मामले में शुभमन का आंकड़ा कोहली से



कही बेहतर है जबकि दोनों के शतक बराबर हैं। बल्लेबाजी औसत में भी इनमें ज्यादा अंतर नहीं है। शुभमन ने टेस्ट में 63 पारी खेली हैं जबकि एकदिवसीय में 55 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 21 पारी उनके नाम हैं। विराट ने अपने लंबे करियर में कई उतार चढ़ा देखे हैं। उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से कई बार टीम इंडिया को बड़ी जीत दिलाई थी। .विराट को एक आक्रामक कप्तान के रूप में जाना जाता है। वहीं दूसरे टेस्ट में शुभमन के दोहरे शतक के बाद कोहली ने उनकी जमकर तारीफ की थी। इससे माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में शुभमन भी विराट की तरह ही जीत दिलाएंगे। शुभमन गिल अपनी कप्तानी में इंग्लैंड में शानदार बल्लेबाजी के साथ साथ विश्व रिकॉर्ड बना रहे हैं।

## रुपया बढ़त पर बंद



मुंबई । अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया 24 पैसे की बढ़त के साथ बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट और अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने से रुपया शुरुआती कारोबार में 22 पैसे चढ़कर 85.72 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि विदेशी पूंजी के प्रवाह और सकारात्मक घरेलू शेयर बाजार से स्थानीय मुद्रा को और बल मिला। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.75 पर खुला। फिर 85.72 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से 22 पैसे की बढ़त दिखाता है। वहीं रुपया सोमवार को 54 पैसे की भारी गिरावट के साथ अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.94 पर बंद हुआ। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.19 फीसदी की गिरावट के साथ 97.29 पर आ गया।

## सीडीएससीओ ने जारी की 17 खतरनाक दवाओं की सूची

### फ्लश करने की दी सलाह, गलत तरीके से इस्तेमाल होने पर हो सकती हैं जानलेवा

नई दिल्ली । कई बार इमरजेंसी में खरीदी गई दवाएं बिना इस्तेमाल के घर में पड़ी रहती हैं और समय के साथ एक्सपायर हो जाती हैं। अधिकतर लोग इन्हें कूड़ेदान में फेंक देते हैं, लेकिन कुछ दवाएं इतनी खतरनाक होती हैं कि उनका गलत हाथों में जाना जानलेवा साबित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए भारत की शीर्ष दवा नियामक संस्था सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गनाइजेशन (सीडीएससीओ) ने हाल ही में 17 संवेदनशील दवाओं की सूची जारी की है, जिन्हें अगर घर में पड़ी हों और उपयोग में नहीं आ रही हों, तो तुरंत टॉयलेट में फ्लश कर देना चाहिए। इन दवाओं में फेंटेनिल, ट्रामाडोल, मॉर्फिन सल्फेट, बुप्रेनॉर्फिन, मिथाइलफेनिडेट, टापेन्टाडोल, ऑक्सीकोडोन और डायजेपाम जैसे शक्तिशाली पेनकिलर और एंटी-एंग्जायटी ड्रग्स शामिल हैं। ये सभी नशे की लत पैदा कर सकती हैं और गलत तरीके से इस्तेमाल होने पर जानलेवा हो सकती हैं। सीडीएससीओ ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन 17 दवाओं को छोड़कर अन्य सामान्य दवाओं को टॉयलेट में फ्लश करना पर्यावरण के लिए हानिकारक हो सकता है। इसके लिए ड्रग टेक-बैक जैसी वैज्ञानिक और पर्यावरण-अनुकूल पहल अपनाने का सुझाव दिया गया है, जिसमें राज्य औषधि विभाग और स्थानीय केमिस्ट शामिल हो सकते हैं। एआईआईएमएस की एक स्टडी के अनुसार, दवाओं को डस्टबिन में फेंकने से वे जल स्रोतों में पहुंचकर मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट बैक्टीरिया को जन्म देती हैं, जो न इंसानों के लिए खतरा हैं, न ही जलीय जीवन के लिए सुरक्षित।



## ऐप्पल की नई आईफोन 17 सीरीज जल्द होगी लॉन्च

नई दिल्ली । ऐप्पल अपनी नई आईफोन 17 सीरीज को सितंबर में लॉन्च कर सकता है। कंपनी चार मॉडल पेश करेगी -आईफोन 17 , आईफोन 17 प्रो ,आईफोन 17 प्रो मैक्स और एक बिल्कुल नया आईफोन 17 स्लीम। सभी मॉडल आईओएस 26 पर चलेंगे, जिसमें नया लिक्विड ग्लास इंटरफेस और कई अनोखे फीचर्स शामिल होंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, आईफोन 17 प्रो और 17 प्रो मैक्स में लेटेस्ट ए19 प्रो चिपसेट होगा, जिसे टीएसएमसी की थर्ड जनरेशन 3एनएम टेक्नोलॉजी पर तैयार किया गया है। इससे बेहतर परफॉर्मेंस और बैटरी एफिशियंसी की उम्मीद है। डिज़ाइन में भी बड़े बदलाव की चर्चा है। आईफोन 17 प्रो के रियर पैनल पर एप्पल लोगो की जगह थोड़ी नीचे शिफ्ट की जा सकती है, जिससे मेगसेफ मैग्नेट के लेआउट में बदलाव होगा। इस मॉडल में एल्यूमीनियम फ्रेम हो सकता है, जो आईफोन 15 और 16 प्रो के टाइटेनियम फ्रेम से अलग होगा। कैमरा बंप भी बड़ा और रेक्टेंगुलर आकार का होने की संभावना है, हालांकि लेंस का ट्रायंगल लेआउट बरकरार रह सकता है। आईफोन 17 प्रो एक नए स्काई ब्लू रंग में भी आ सकता है। आईफोन 17 प्रो मॉडल्स में 12जीबी रैम मिलने की अफवाह है, जो मौजूदा 8जीबी से ज्यादा है और इससे मल्टीटास्किंग और एआई फीचर्स के इस्तेमाल में मदद मिलेगी। साथ ही, एप्पल अपने खुद के वाय-फाय 7 चिप पर भी काम कर रहा है, जो इन नए आईफोन मॉडल्स में ब्रॉडकॉम चिप्स की जगह ले सकता है। कैमरा सिस्टम में भी अहम अपग्रेड की चर्चा है। फ्रंट कैमरा 12एमपी से बढ़कर 24एमपी का हो सकता है। वहीं, रियर में टेलीफोटो लेंस 12एमपी से 48एमपी तक अपग्रेड होने की उम्मीद है। 8के वीडियो रिकॉर्डिंग सपोर्ट और डुअल वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे फीचर्स भी जोड़े जा सकते हैं।



## अमेरिका से व्यापार समझौते में भारत को बरतनी चाहिए सतर्कता : जीटीआरआई

नई दिल्ली। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनीशिएटिव (जीटीआरआई) ने कहा है कि अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते को अंतिम रूप देते समय भारत को अत्यंत सावधानी बरतनी चाहिए। संस्थान ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यापार मॉडल मुक्त व्यापार को बढ़ावा देने का नहीं, बल्कि अन्य देशों पर जवाबी शुल्क का दबाव बनाकर समझौते कराने का है। जीटीआरआई के अनुसार, अमेरिका ने शुल्क लागू करने की समय-सीमा 9 जुलाई से बढ़ाकर 1 अगस्त कर दी है, जिससे देशों को अंतिम तीन सप्ताह का समय मिल गया है। अमेरिका ने जिन 14 देशों को पत्र भेजकर चेताया है, उनमें भारत फिलहाल शामिल नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट संकेत है कि भारत भी दबाव में आ सकता है। जीटीआरआई के संस्थापक ने बताया कि ट्रंप प्रशासन ने जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, बांग्लादेश, थाईलैंड मेत कई देशों पर 25 फीसदी से 40 फीसदी तक शुल्क लगाने की घोषणा की है। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित हो सकती है और अमेरिका में उपभोक्ता कीमतों में वृद्धि संभव है।

# 'नो पाम ऑयल' लेबल सिर्फ मार्केटिंग चाल, हेल्थ फैक्ट नहीं : आईएफबीए



**नई दिल्ली।** इंडियन फूड एंड बेवरेज एसोसिएशन ( आईएफबीए ) ने मंगलवार को चिंता जताई कि उपभोक्ता उत्पादों पर अचानक 'नो पाम ऑयल' (पाम तेल-मुक्त ) लेबल का बढ़ता इस्तेमाल भ्रामक है और सिर्फ एक मार्केटिंग हथकंडा है। एसोसिएशन ने चिंता जताते हुए कहा कि यह उपभोक्ताओं को गलत जानकारी दे रहा है।

भारत में 19वीं सदी से पाम ऑयल का इस्तेमाल हो रहा है, फिर भी इसे लेकर गलतफहमियां बनी हुई हैं। यह किफायती, बहुउपयोगी और लंबी शेल्फ लाइफ वाला तेल है, जिसका इस्तेमाल वैश्विक ब्रांड्स खाद्य उत्पादों में करते हैं। आईएफबीए ने चेतावनी दी कि लोग सोशल मीडिया ट्रेंड्स के आधार पर भोजन चुन रहे हैं, न कि वैज्ञानिक तथ्यों के आधार पर। एसोसिएशन ने उपभोक्ताओं को सलाह दी कि वे पोषण की पूरी समझ के बिना झूठी जानकारी फैलाने वाले इन्फ्लुएंसर्स की सलाह न मानें।

आईएफबीए के अनुसार, 'पाम ऑयल फ्री' जैसे लेबल अब विश्वसनीय पोषण सलाह की जगह ले रहे हैं। ये लेबल उपभोक्ताओं की स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं का फायदा उठाने के लिए मार्केटिंग रणनीति के रूप में इस्तेमाल हो रहे हैं, खासकर फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स उद्योग में हैं।' आईएफबीए के चेयरपर्सन दीपक जॉली ने कहा, 'पाम ऑयल संतुलित आहार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। 'नो पाम ऑयल' जैसे लेबल विज्ञान के बजाय मार्केटिंग को प्राथमिकता देकर उपभोक्ताओं को भटकाते हैं।'

उन्होंने स्वास्थ्य मंत्रालय के आहार दिशानिर्देशों का हवाला देते हुए यह बात कही। जॉली ने आगे कहा, ÷ये बातें समग्र पोषण संतुलन के महत्व से ध्यान भटकाती हैं और भारत के आत्मनिर्भरता के प्रयासों को कमजोर कर सकती हैं, जिससे अंततः सभी हितधारकों - किसानों और उत्पादकों से लेकर उपभोक्ताओं और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था तक को नुकसान होगा।'

भारत में हर साल 26 मिलियन टन खाद्य तेल की खपत होती है, जिसमें 9 मिलियन टन पाम ऑयल शामिल है। आईएफबीए की वैज्ञानिक और नियामक मामलों की निदेशक शिल्पा अग्रवाल ने कहा, 'आईसीएमआर-नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूट्रिशन के डायटरी गाइडलाइंस 2024 में पाम ऑयल में मौजूद टोकोट्रिनॉल्स को कोलेस्ट्रॉल कम करने और हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी बताया गया है। यह विज्ञान है, अनुमान नहीं।' आईएफबीए ने सरकार की नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल्स-ऑयल पाम पहल की सराहना की, जिसके तहत 11,040 करोड़ रुपए के निवेश से पाम की खेती बढ़ाई जा रही है।

## सोना गिरा, चांदी की कीमतों में उछाल

### - सोने के भाव 97,100 रुपए, जबकि चांदी लगभग 1,08,400 रुपए प्रति किलो

नई दिल्ली । सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत नरमी के साथ हुई जबकि चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मंगलवार को सोने के भाव 97,100 रुपये, जबकि चांदी के भाव 1,08,400 रुपये के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। लेकिन सोने के भाव बाद में गिर गए। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अगस्त कॉन्ट्रेक्ट 98 रुपये की गिरावट के साथ 97,172 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 97,270 रुपये था। फिलहाल यह ̃152 रुपये की गिरावट के साथ 97,118 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क सितंबर कॉन्ट्रेक्ट 177 रुपये की तेजी के साथ 1,08,498 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 1,08,321 रुपये था। अभी यह 117 रुपये की तेजी के साथ 1,08,438 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। कॉमेक्स पर सोना 3,348.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 3,342.80 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.10 डॉलर की गिरावट के साथ 3,341.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। सोने के वायदा भाव ने इस साल 3,509.90 डॉलर के भाव पर ऑल टाइम हाई छू लिया है। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 36.95 डॉलर के भाव पर खुले। पिछला बंद भाव 36.90 डॉलर था। इस समय यह 0.15 डॉलर की तेजी के साथ 37.05 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# प्रमुख यूनियन की हड़ताल से पूरे भारत में बैंकिंग सेवाएं हो सकती हैं बाधित: बैंक ऑफ बड़ौदा




**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** पब्लिक सर्विस सेक्टर जैसे बैंकिंग, इंश्योरेंस, पोस्टल और कंस्ट्रक्शन क्षेत्र में काम करने वाले 25 करोड़ से ज्यादा कर्मचारियों ने बुधवार यानी 9 जुलाई को भारत बंद का आह्वान किया है।

इन क्षेत्रों में काम करने वाले कर्मचारी राष्ट्रव्यापी हड़ताल पर जाने वाले हैं। कर्मचारियों की इस हड़ताल से देश की कई सेवाएं बाधित हो सकती हैं। 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और उनके सहयोगियों के एक मंच हड़ताल को लेकर ऐलान किया है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक्सचेंज फाइलिंग में कहा कि बुधवार को पूरे भारत में बैंकिंग सेवाएं बाधित हो सकती हैं, क्योंकि प्रमुख बैंक यूनियनें राष्ट्रव्यापी आम हड़ताल में शामिल होने की तैयारी कर रही हैं।

एक्सचेंज फाइलिंग में कहा गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने चेतावनी दी है कि अगर हड़ताल होती है तो भले ही बैंक सामान्य परिचालन बनाए रखने का प्रयास कर रहा हो, इसकी शाखाओं और कार्यालयों के कामकाज पर असर पड़ सकता है। हड़ताल का नोटिस ऑल इंडिया बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन (एआईबीईए), ऑल इंडिया बैंक ऑफिसर्स एसोसिएशन (एआईबीओए) और बैंक एम्प्लॉई फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीईएफआई) के महासचिवों द्वारा दिया गया, जिन्होंने भारतीय बैंक संघ को सूचित किया कि उनके सदस्य विरोध प्रदर्शन में भाग लेंगे।

कई मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि हड़ताल का आह्वान करने वाली यूनियन सरकार की कॉर्पोरेट समर्थक नीतियों, हाल के श्रम कानून सुधारों और सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों के निजीकरण के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर रही हैं।

श्रमिकों की मुख्य मांग है कि सरकार को बेरोजगारी दूर करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए। इन मांगों में रिक्त स्वीकृत पदों को भरने, अधिक रोजगार अवसर पैदा करने, मनरेगा कार्यदिवसों को बढ़ाने और वेतन वृद्धि बढ़ाने जैसी बातें शामिल हैं। ट्रेड यूनियन की मांग है कि शहरी क्षेत्रों के लिए भी मनरेगा जैसी योजना लाई जाए।

श्रमिकों की मांग है कि सरकार रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना को भी संबोधित करे। यह हड़ताल पहले मई के लिए निर्धारित थी, लेकिन राष्ट्रीय घटनाओं के कारण इसे आगे के लिए पोस्टपोन कर दिया गया।

## अदाणी ने 4,000 करोड़ में खरीदी दिवालिया बिजली कंपनी

### - अब क्षमता बढ़कर हुई 18,150 एमडब्ल्यू




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली (ईएमएस)। अदाणी पावर लिमिटेड ने विदर्भ इंडस्ट्रीज पावर लिमिटेड (वीआईपीएल) का अधिग्रहण कर लिया है। यह अधिग्रहण 4,000 करोड़ रुपए में किया गया है। वीआईपीएल लि 2गु?णित 300 मेगावॉट की कोयला आधारित थर्मल पावर प्रोजेक्ट है जो बुटीबोरी, नागपुर (महाराष्ट्र) में स्थित है। वीआईपीएल दिवालिया प्रक्रिया के तहत थी, जिसे इंसॉल्वेंसी एंड बैंकरप्सी कोड के तहत चलाया जा रहा था। अदाणी पावर की समाधान योजना को मुंबई एनसीएलटी ने 18 जून 2025 को मंजूरी दी थी। इसके बाद, यह योजना 7 जुलाई 2025 को लागू कर दी गई। इस अधिग्रहण के साथ अदाणी पावर की कुल उत्पादन क्षमता अब 18,150 मेगावॉट हो गई है। कंपनी अब बेस लोड पावर की क्षमता को बढ़ाने के लिए कई और प्रोजेक्ट्स पर काम कर रही है। इनमें 6 अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट्स (1,600 एमडब्ल्यू प्रत्येक) शामिल हैं जो मध्य प्रदेश (सिंगरौली-महान), छत्तीसगढ़ (रायपुर, रायगढ़, कोरबा), राजस्थान (कवाई) और उत्तर प्रदेश (मिर्जापुर) में बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा, 1,320 मेगावॉट की एक और अधिग्रहित परियोजना कोरबा में भी फिर से शुरू की जा रही है। इन सभी योजनाओं के साथ कंपनी का लक्ष्य है कि वह 2030 तक कुल 30,670 मेगावॉट की क्षमता हासिल कर ले।

## भारतीय आईटी सेक्टर में पहली तिमाही में धीमी वृद्धि देखने को मिलेगी : रिपोर्ट

**नयी दिल्ली। (एजेंसी)।** भारतीय आईटी सर्विस सेक्टर में वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में वृद्धि के नरम रहने की उम्मीद है। यह जानकारी मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में दी गई। फाइनेंशियल सर्विस फर्म इक्विरस सिक्योरिटीज ने अपनी एक लेटेस्ट रिपोर्ट में कहा कि आईटी कंपनियों की आय तिमाही आधार पर मिश्रित रहने की उम्मीद है। यह रिपोर्ट लार्ज-कैप आईटी कंपनियों में इंफोसिस और टेक महिंद्रा और मिड-कैप कंपनियों में जेनसार, एमफैसिस और केपीआईटी ईक्लवर्क्स को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। फर्म की रिपोर्ट इंफोसिस के वित्त वर्ष 2026 की बिक्री वृद्धि मार्गदर्शन में कुछ प्रकार के संशोधन और टॉप छह लार्ज-कैप आईटी कंपनियों को लेकर वृद्धि नरम रहने की जानकारी देती है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'इंफोसिस अमेरिकी डॉलर की बिक्री में 1.0-3.25 प्रति सीसी वृद्धि का मार्गदर्शन करेगी, जो कि मुख्य रूप से लगभग 0.4 प्रतिशत (0-3 प्रतिशत की पूर्व वृद्धि मार्गदर्शन) की इंक्रीमेंटल इनऑर्गेनिक ग्रोथ योगदान को ध्यान में रखते हुए वित्त वर्ष 26 (अनुमानित) के लिए 20-22 प्रतिशत के अपने ईबीआईटीएम मार्गदर्शन में कोई बदलाव नहीं करेगी।' रिपोर्ट में कहा गया है, 'टॉप 6 लार्ज कैप वित्त वर्ष 26ई की पहली तिमाही में सीसी शर्तों में अमेरिकी डॉलर की बिक्री में (-) 2.6 प्रतिशत से 1.4 प्रतिशत की तिमाही वृद्धि दर्ज करेंगे। इक्विरस सिक्योरिटीज को टॉप 6 लार्ज कैप में 120-230 बीपीएस तिमाही की सीमा में हाई क्रॉस-करेंसी टेलविंड की उम्मीद है।' हालांकि, फर्म को कुछ मिडकैप आईटी/बीपीओ सर्विस कंपनियों से स्वस्थ बिक्री प्रदर्शन की उम्मीद है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### - सेंसेक्स 270 और निफ्टी 61 अंक उछला




**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स सेंसेक्स 270.01 अंकों की बढ़त के साथ ही 83,712.51 अंकों पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला एनएसई का निफ्टी इंडेक्स भी 61.20 अंकों की तेजी के साथ ही 25,522.50 अंकों पर बंद हुआ। गत दिवस बाजार सपाट बंद हुआ था।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की 30 में से 18 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ बंद हुए जबकि शेष सभी 12 कंपनियों के शेयर गिरावट के साथ ही नीचे आये। इसी प्रकार निफ्टी की 50 में से 27 कंपनियों के शेयर बढ़त के साथ ही ऊपर आये जबकि शेष सभी 23 कंपनियों के शेयर नुकसान के साथ ही नीचे आये हैं। सेंसेक्स की कंपनियों में शामिल कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर सबसे ज्यादा 3.40 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए जबकि टाइटन के शेयर आज सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए।

सेंसेक्स की अन्य कंपनियों में आज एशियन पेंट्स 1.69 फीसदी , एनटीपीसी 1.64 फीसदी , बीईएल 1.20 फीसदी , अडाणी पोर्ट्स 0.94 फीसदी , एसबीआई 0.72 फीसदी , एचडीएफसी बैंक 0.72 फीसदी , इंफोसिस 0.69 फीसदी , एलएंडटी 0.68 फीसदी , टेक महिंद्रा 0.64 फीसदी , टाटा मोटर्स 0.64 फीसदी , पावरग्रिड 0.63 फीसदी , अल्ट्राटेक सीमेंट 0.55 फीसदी , बजाज फिनसर्व 0.54फीसदी , आईसीआईसीआई बैंक 0.42 फीसदी , बजाज फाइनेंस 0.31 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर ट्रेंट के शेयर में 1.12 फीसदी, एक्सिस बैंक 0.85 फीसदी, मारुति सुजुकी 0.81 फीसदी, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.72 फीसदी, सनफार्मा 0.41 फीसदी, टाटा स्टील 0.28 फीसदी, रिलायंस इंडस्ट्रीज 0.16 फीसदी, टीसीएस 0.16 फीसदी, भारती एयरटेल 0.11 फीसदी, एचसीएल टेक 0.11 फीसदी ।

इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों में बढ़त के बीच ही घरेलू बाजार गिरावट के साथ लगभग सपाट स्तर पर खुला। अमेरिकी व्यापार नीतियों पर अनिश्चितता के कारण निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया । सेंसेक्स 50 से ज्यादा अंक की गिरावट लेकर 83,387.03 पर खुला जो 10.05 अंक की गिरावट लेकर 83,432.45 पर कारोबार कर रहा था। इसी तरह निफ्टी-50 भी मामूली गिरावट के साथ लाल निशान में लगभग सपाट लेवल 25,427.85 पर खुला । एशियाई बाजार मिलीजुली शुरुआत के बाद बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। जापान के निक्केई 225 बेंचमार्क में 0.21 फीसदी की बढ़त रही। दक्षिण कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 1.13 फीसदी ऊपर आया। ऑस्ट्रेलिया के एसएंडपी/एएसएक्स 200 बेंचमार्क में रिजर्व बैंक ऑफ ऑस्ट्रेलिया के ब्याज दर निर्णय से पहले 0.21 फीसदी की वृद्धि हुई। हांगकांग के हैंग सेंग में 0.17 फीसदीकी वृद्धि हुई।

# भारतीय निर्यातकों ने टैरिफ वृद्धि की समयसीमा 1 अगस्त तक बढ़ाने के अमेरिकी फैसले का किया स्वागत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय निर्यातकों ने आयात पर टैरिफ बढ़ोतरी को 9 जुलाई से 1 अगस्त तक स्थगित करने के अमेरिकी फैसले का स्वागत किया है, क्योंकि इससे व्यापार मुद्दों को सुलझाने के लिए बातचीत के लिए अधिक समय मिलेगा।

फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने को स्थगित करना अमेरिका की अपने व्यापारिक भागीदारों के साथ रचनात्मक रूप से जुड़ने की इच्छा को दर्शाता है। उन्होंने कहा, 'यह बातचीत के लिए अतिरिक्त समय प्रदान करता है, जो हमारे वार्ताकारों को शेष विवादास्पद मुद्दों को सुलझाने में मदद कर सकता है।'

सहाय ने आगे कहा कि अगर अमेरिका इस महीने के अंत तक कम से कम वस्तुओं पर द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देता है तो एक दर्जन देशों को कवर करने वाले प्रस्तावित टैरिफ भारत को अधिक तुलनात्मक लाभ प्रदान कर सकते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट ने पहले कहा था कि वाशिंगटन कई व्यापार सौदों पर समझौते तक पहुंचने के करीब है क्योंकि अंतिम समय में विभिन्न देशों से बहुत सारे प्रस्ताव आए हैं। उनकी टिप्पणियों से डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा कई बड़े व्यापार सौदों की घोषणाओं का संकेत मिलता है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, बेसेंट ने कहा, 'अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप हमारे कुछ व्यापारिक साझेदारों को पत्र भेजकर कहेंगे कि अगर आप चीजों को आगे नहीं बढ़ाते हैं तो 1 अगस्त को आप अपने 2 अप्रैल के टैरिफ स्तर पर वापस आ जाएंगे। इसलिए मुझे लगता है कि हम बहुत जल्दी बहुत सारे सौदे देखेंगे।' ट्रंप ने वियतनाम और चीन सहित कई व्यापार सौदों की घोषणा की है। उन्होंने पिछले महीने कहा था कि अमेरिका और भारत एक समझौते पर हस्ताक्षर कर सकते हैं। मुख्य वार्ताकार राजेश अग्रवाल के नेतृत्व में भारत का उच्च स्तरीय आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल अमेरिकी अधिकारियों के साथ व्यापार वार्ता के बाद कृषि और डेयरी उत्पादों के व्यापार के संवेदनशील मुद्दे पर अंतिम समझौते पर पहुंचे बिना वाशिंगटन से लौट आया है।



हालांकि, अभी भी उम्मीद की एक किरण है कि भारतीय निर्यात पर अमेरिकी टैरिफ में 26 प्रतिशत की बढ़ोतरी की समय सीमा शुरू होने से पहले दोनों देशों में उच्चतम राजनीतिक स्तर पर एक अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौता हो सकता है। अमेरिका अपने कृषि और डेयरी उत्पादों के लिए अधिक पहुंच चाहता है, जो एक बड़ी बाधा है, क्योंकि भारत के लिए, यह देश के छोटे किसानों की आजीविका का मुद्दा है और इसलिए एक संवेदनशील क्षेत्र है।



# मां-बाप के तलाक के लिए खुद को जिम्मेदार मानती थीं अंशुला कपूर

फिल्म निर्माता बोनी कपूर और उनकी पहली पत्नी मोना शौरी की बेटी अंशुला कपूर ने हाल ही में अपने बचपन के बारे में एक हैरान करने वाला खुलासा किया है। उन्होंने कुबूल किया कि एक समय उन्हें लगता था कि उनके माता-पिता के अलग होने के लिए वह ही जिम्मेदार थीं। पिंकविला के साथ बातचीत में अंशुला ने बताया कि कैसे एक बच्चे के रूप में, उन्होंने अपने परिवार के टूटने के लिए खुद को दोषी ठहराया।

## खुद को अच्छी बेटी नहीं मानती थीं अंशुला

अंशुला ने बताया जब मैं छह साल की थी तब मुझे लगता था कि उनकी जिंदगी बहुत अच्छी चल रही थी। अचानक जब मैं उनकी जिंदगी में आई तो मुझे लगा कि मेरे आने के बाद वह एक साथ नहीं रह सकते। मुझे लगा कि मैं शायद अच्छी बेटी नहीं हूं। मुझे लगता है कि यह बात जान्हवी कपूर के जन्म के बाद और ज्यादा साफ हो गई। मुझे पता है कि यह अजीब है क्योंकि मुझे लगा कि शायद मेरे साथ कुछ दिक्कत है।

## बचपन में पड़ा बुरा प्रभाव

हालांकि अंशुला के माता-पिता ने उन्हें आश्वस्त किया कि उनका तलाक उनकी गलती नहीं थी, लेकिन अंशुला कपूर ने बताया कि बचपन में इस बात से निकलना मुश्किल था। उन्होंने कहा मैं अब इस पर यकीन नहीं करती। लेकिन मैं उस वक्त एक बच्ची थी। मैं यह पता लगाने की कोशिश कर रही थी कि क्या गलत हुआ और सोच रही थी कि शायद मैं ही गलत थी। आप यह अंदाजा नहीं लगा सकते कि किसी पर मनोवैज्ञानिक तौर से क्या प्रभाव पड़ता है।

## माता पिता की शादी

आपको बता दें बोनी कपूर ने 1983 में मोना शौरी से शादी की और उनके दो बच्चे अर्जुन और अंशुला कपूर हैं। 1996 में वे अलग हो गए और उसी साल बोनी ने अभिनेत्री श्रीदेवी से शादी कर ली। 1997 में जान्हवी कपूर का जन्म हुआ, उसके बाद खुशी कपूर का जन्म हुआ।



# हर्षाली मल्होत्रा का साउथ सिनेमा में डेब्यू

## अखंडा 2 में नजर आएंगी

सलमान खान की बजरंगी भाईजान की मुन्नी बनकर हर किसी के दिल में बसीं हर्षाली मल्होत्रा अब साउथ सिनेमा में अपना जलवा दिखाएंगी। वह नंदमुरी बालकृष्ण के साथ फिल्म अखंडा 2 में नजर आएंगी। फिल्म से हर्षाली मल्होत्रा का फर्स्ट लुक भी रिलीज किया गया है, जो चर्चा में छाया है। अखंडा 2 में हर्षाली मल्होत्रा जननी का किरदार निभाएंगी। फिल्म 25 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। अखंडा 2 से हर्षाली मल्होत्रा का जो फर्स्ट लुक सामने आया है, उसमें वह पीले रंग का लहंगा पहने नजर आ रही हैं। जूलरी पहनी है और बाल हवा में लहरा रहे हैं। हर्षाली इस लुक में बेहद खूबसूरत लग रही हैं।

### हर्षाली मल्होत्रा के फैंस झूमे

हर्षाली मल्होत्रा की फिल्म के ऐलान से फैंस की खुशी का ठिकाना नहीं है और उन्हें अखंडा 2 का बेसब्री से इंतजार है। एक फैन ने ट्वीट किया है, मुन्नी इज बैक। हर्षाली मल्होत्रा जिसने बजरंगी भाईजान में सबका दिल जीता, अब अखंडा 2 में नजर आएगी। एक ने लिखा, लंबे समय बाद हर्षाली वापस लौट रही है। मैं मुन्नी को देखने के लिए एक्साइटेड हूं।

### हर्षाली करेंगी बालाकृष्ण की बेटी का रोल

रिपोर्ट्स के मुताबिक, अखंडा 2 में हर्षाली मल्होत्रा, नंदमुरी बालकृष्ण की बेटी के रोल में नजर आएंगी। यह फिल्म साल 2021 में आई इसी नाम की फिल्म का सीक्वल है। इस एक्शन-ड्रामा में प्रज्ञा जायसवाल, नवीना रेड्डी और नितिन मेहता जैसे एक्टर्स नजर आए थे। अखंडा साल 2021 की दूसरी सबसे ज्यादा कमाई वाली तेलुगू फिल्म थी। इसने वर्ल्डवाइड 121-150 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। उम्मीद है कि अखंडा 2 भी वैसा ही कमाल दिखाएगी।

# मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा सबक था द ट्रेटर्स



हमेशा चर्चा में रहने वाला रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' खत्म हो चुका है और फिनाले में उर्फी जावेद ने अपनी शानदार गेम से सबका दिल जीतते हुए ट्रॉफी अपने नाम कर ली। जीत के बाद उर्फी ने सोशल मीडिया पर अपनी बिग बॉस से लेकर द ट्रेटर्स तक की जर्नी को याद किया। उर्फी ने लिखा - बिग बॉस से निकलने के बाद द ट्रेटर्स जीतना, ये सफर आसान नहीं था। कई बार रोई, कई बार लगा अब नहीं होगा, लेकिन मैंने कभी रुकना नहीं सीखा। लोग क्या कहेंगे, ये कभी नहीं सोचा। उन्होंने आगे लिखा  बिग बॉस के बाद लगा था अब कुछ अच्छा नहीं होगा। लेकिन मैंने खुद पर भरोसा रखा। लोग हमेशा शक करते रहे, आज भी करते हैं, लेकिन इससे मुझे कोई फर्क नहीं पड़ा। मैंने तीन ट्रेटर्स को बाहर किया, ये सिर्फ किस्मत नहीं थी, ये मेरी स्ट्रैटेजी थी। आखिरी पल तक डटी रही। द ट्रेटर्स में उर्फी जावेद ने अपने बेबाक अंदाज़ और आत्मविश्वास से सबका दिल जीत लिया। उन्होंने ये गेम अपने तरीके से खेला और अपनी मेहनत से जीत हासिल की।

# एक्टिंग करना आज भी मेरे लिए चुनौतीपूर्ण

लोकप्रिय टीवी शो भाबीजी घर पर हैं में अंगूरी भाभी के किरदार से मशहूर अभिनेत्री शुभांगी अत्रे ने बताया है कि कई सालों तक कैमरे के सामने काम करने के बाद भी, उनके लिए एक्टिंग करना अभी भी एक चुनौती जैसा लगता है। शुभांगी अत्रे ने कहा कि हर नया किरदार उनके लिए नई चुनौतियां और सीख लेकर आता है, जिससे अभिनय जितना दिलचस्प लगने लगता है, उतना ही मुश्किल वाला एहसास भी देता है। उन्होंने कहा, मुझे संघर्ष शब्द थोड़ा नेगेटिव लगता है, लेकिन अभिनय में हर समय हम आगे बढ़ते रहते हैं। कई साल काम करने के बाद भी कुछ न कुछ नया सीखना पड़ता है। यह सफर कभी खत्म नहीं होता, बल्कि समय के साथ और भी खास बनता जाता है। मुझे एक्टिंग कभी आसान नहीं लगती क्योंकि हर किरदार के अपने अलग भाव होते हैं। आप किसी और की जिंदगी में कदम रखते हो, और इसके लिए बहुत ईमानदारी और मेहनत करनी पड़ती है। लंबे शूटिंग और थकावट की स्थिति में वह खुद को किस तरह प्रेरित करती हैं, इस पर शुभांगी ने कहा, मैं खुद को याद दिलाती रहती हूं कि मैंने यह काम क्यों शुरू किया था। मुझे सच में अपने काम से बहुत प्यार है और जब दिन मुश्किल होते हैं, तो मैं छोटी-छोटी अच्छी बातों में खुशी ढूंढ़ती हूं, जैसे कोई जबरदस्त डायलॉग या बेहतरीन सीन। यही चीजें मुझे आगे बढ़ने में मदद करती हैं। शुभांगी ने सोशल मीडिया और फीडबैक के बारे में बात करते हुए कहा कि आजकल की भागदौड़ वाली दुनिया में दर्शकों की प्रतिक्रिया कभी-कभी प्रेरित करती है और कभी-कभी ज्यादा दबाव भी बना देती है। उन्होंने कहा, दर्शकों का प्यार ऐसा होता है जैसे फ्यूल, जो आपको आगे बढ़ने में मदद करता है। लेकिन मैं कोशिश करती हूं कि इस दबाव में न आऊं। मैं जो भी किरदार निभाती हूं, पूरी ईमानदारी से करती हूं, ताकि कहानी में वास्तविकता बनी रहे।

शुभांगी अत्रे ने टीवी पर कहानी कहने के बदलते तरीके पर भी अपनी बात बताई। उन्होंने कहा कि आजकल के ज्यादातर टीवी शो असल जिंदगी से प्रेरित हैं, जिससे कलाकारों को ज्यादा गहराई वाले किरदार निभाने का मौका मिलता है। उन्होंने कहा, टीवी पर कहानी कहने का बदलाव कलाकारों के लिए एक नया अध्याय जैसा है। अब किरदार जटिल और असली होते हैं। मुझे अच्छा लगता है जब मैं किसी भी किरदार के अलग-अलग पहलू दिखा पाती हूं। यह सब नया और बहुत मजेदार होता है।





# अब विक्रांत ने किया दीपिका का समर्थन बोले- वो इसकी हकदार

दीपिका पादुकोण के आठ घंटे काम करने की मांग के बाद इंडस्ट्री में एक बहस छिड़ गई है। दीपिका ने अपनी इसी शर्त के चलते संदीप रेड्डी वांगा की 'स्पिरिट' फिल्म भी छोड़ दी थी। इसके बाद इंडस्ट्री के कई लोगों ने दीपिका का समर्थन भी किया था। अब इसी लिस्ट में एक और नाम भी जुड़ गया है। अभिनेता विक्रांत मैसी ने भी दीपिका के आठ घंटे काम करने की मांग का समर्थन किया है।

### ये एक ऑप्शन होना चाहिए

बातचीत के दौरान विक्रांत ने दीपिका का समर्थन करते हुए कहा कि वह भी कुछ साल में ऐसा ही करना चाहते हैं। एक्टर ने कहा, मैं बहुत जल्द ऐसा कुछ करने की इच्छा रखता हूं। मैं कहना चाहता हूं कि हम सहयोग कर सकते हैं, लेकिन मैं केवल आठ घंटे काम करूंगा। लेकिन साथ ही यह एक ऑप्शन होना चाहिए कि अगर मेरा प्रोड्यूसर इसे स्वीकार नहीं कर सकता। क्योंकि जब आप फिल्म बना रहे होते हैं तो इसमें बहुत सी और चीजें भी शामिल होती हैं।


### अपनी फीस कम करने को तैयार विक्रांत

अभिनेता ने आगे कहा कि वो आठ घंटे काम करने के बदले अपनी फीस कम करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि पैसा बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और मुझे अपनी फीस कम करनी होगी क्योंकि मैं बारह घंटे के बजाय आठ घंटे काम करूंगा। अगर मैं अपने प्रोड्यूसर को दिन में बारह घंटे नहीं दे सकता, तो मैं वहां जाकर अपनी फीस कम नहीं कर सकता। मुझे अपनी फीस कम करनी चाहिए। यह एक लेन-देन वाली बात है। दीपिका का समर्थन करते हुए विक्रांत ने कहा कि दीपिका हाल ही में मां बनी हैं, इसलिए मुझे लगता है कि वह इसकी हकदार हैं।



### 'आंखों की गुस्ताखियां' में नजर आएंगे विक्रांत

विक्रांत मैसी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। इस फिल्म में उनके साथ शनाया कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी, जो इस फिल्म से अपना डेब्यू कर रही हैं। संतोष सिंह द्वारा निर्देशित यह फिल्म 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# अगस्त में शुरू होगा सिद्धार्थ की वन... का दूसरा शूटिंग शेड्यूल

डायरेक्टर दीपक कुमार मिश्रा, जिन्होंने हाल ही में पंचायत 4 से बड़ी सफलता हासिल की है, अब अपनी पहली फीचर फिल्म वन पर काम कर रहे हैं। यह एक लोक-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें सिद्धार्थ मल्होत्रा और तमन्ना भाटिया लीड रोल में नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण बालाजी मोशन पिक्चर्स और द वायरल फीवर मिलकर कर रहे हैं, जो इन दोनों दिग्गज प्रोडक्शन हाउस का पहला साझा प्रोजेक्ट है। इस फिल्म की कहानी भारतीय लोक कथाओं और जंगलों की पृष्ठभूमि पर बेस्ड है, जिसे रियलिस्टिक दिखाने के लिए मध्य भारत के असली जंगलों में शूट किया जा रहा है। फिल्म का पहला शेड्यूल 9 जून से शुरू हुआ और सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है। दूसरा शेड्यूल अगस्त में शुरू होगा। यह फिल्म 15 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। बता दें कि सिद्धार्थ और तमन्ना अपनी इस आगामी फिल्म में पहली बार साथ नजर आएंगे, वहीं दीपक की भी यह इन दोनों कलाकारों के साथ पहली ही फिल्म है। वर्कफ्रंट की बात करें तो सिद्धार्थ पिछली बार एक्शन थ्रिलर फिल्म योद्धा में नजर आए थे। इस फिल्म का निर्देशन सागर अम्बे और पुष्कर ओझा ने किया था। फिल्म में सिद्धार्थ के अलावा तमन्ना भाटिया भी लीड रोल में नजर आएंगी।

# 'ऐसी एक्शन फिल्म करनी थी जिसमें कहानी अहम हो'

हाल ही में राजकुमार राव अपनी फिल्म 'मालिक' के प्रमोशन के लिए लखनऊ पहुंचे। फिल्म 'मालिक' में क्या खास बात लगी? इस फिल्म के किरदार के लिए क्या तैयारियां कीं? और अपने करियर में अब तक निभाए गए किरदारों पर क्या कहना है राजकुमार राव का? जानिए।

### एक्शन जॉनर में देरी से आने की वजह


'मालिक' राजकुमार राव के करियर की पहली फिल्म होगी, जिसमें वह पूरी तरह से एक्शन अंदाज में नजर आ रहे हैं। मगर इस जॉनर में आने के लिए इतनी देरी क्यों हुई? यह सवाल पूछने पर राजकुमार राव कहते हैं, 'मुझे पहले भी एक्शन स्टोरी ऑफर हुई, मगर उन कहानियों में कहानी मौजूद नहीं थी, बस एक्शन था। लेकिन मुझे ऐसी एक्शन फिल्म करनी थी, जिसमें कहानी अहम हो। जब पुल्कित ने मुझे 'मालिक' की कहानी सुनाई तो अच्छी लगी, इसमें कहानी है, एक्शन है और कमाल के डायलॉग भी हैं। इस फिल्म की कहानी मेरे दिल को छू गई।'

### करियर कभी प्लान नहीं किया था

राजकुमार राव के करियर ग्राफ पर अगर नजर डालें तो वह अलग-अलग जॉनर में रंग जमा चुके हैं। उन्होंने 'सिटी लाइट्स' से लेकर 'स्त्री' फिल्म तक में अभिनय के अलग रंग दिखाए। क्या राजकुमार ने अपना करियर इसी तरह से प्लान किया था? इस सवाल पर वह कहते हैं, 'मैं अपना करियर प्लान करके नहीं आया था। मगर यह सब अपने आप होता गया। पहले 'ट्रैप', 'न्यूटन', 'शाहिद', 'एलएसडी' जैसी फिल्में कीं, इसके बाद 'बरेली की बर्फी' और 'स्त्री' और 'भूल चूक माफ' जैसी फिल्में कीं। अब 'मालिक' में एक्शन कर रहा हूं। यह सभी अलग-अलग जॉनर की फिल्में थीं। मेरा मकसद बस एक्साइटिंग कहानियां का हिस्सा बनना है। ऐसी कहानियों की तलाश है, जो मुझे बतौर एक्टर चैलेंज करें, संतुष्टि दें।'

### कब रिलीज होगी फिल्म 'मालिक'

फिल्म 'मालिक' को पुल्कित ने निर्देशित किया है। इस डायरेक्टर के साथ पहले भी राजकुमार राव 'बोस डेड/अलाइव' कर चुके हैं। राजकुमार राव की फिल्म 'मालिक' 11 जुलाई को रिलीज होगी।



स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in